श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 224, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 13 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# बुंदेलखंड में बसेगा नया औद्योगिक शहर

## झांसी-ग्वालियर मार्ग पर बनाई जाएगी इंडस्ट्रियल टाउनशिप, बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन के लिए सरकार देगी 5 हजार करोड़ रुपए की राशि, पहले चरण में झांसी के 33 राजस्व ग्रामों की 35 हजार एकड़ जमीन को किया जाएगा अधिग्रहीत

**लखनऊ**

**बुंदेलखंड** के सतत विकास के साथ-साथ वन ट्रिलियन इकॉनमी की अर्थव्यवस्था बनने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए योगी सरकार ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। लोकभवन में सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में सरकार ने नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड में नया औद्योगिक शहर बसाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस निर्णय से बुंदेलखंड के जिलों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकेगा और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही यहां रोजगार की असीमित सुविधाओं का सृजन संभव हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में इससे पूर्व 1976 में औद्योगिक शहर नोएडा के गठन का निर्णय लिया गया था और अब 47 वर्षों के बाद एक नए शहर की स्थापना का निर्णय लिया गया है।

पहले चरण में 35 हजार एकड़ जमीन का अधिग्रहण : कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने पारित हुए प्रस्तावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व नए औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत झांसी में बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) द्वारा नोएडा की तर्ज पर एक नए इंडस्ट्रियल टाउनशिप को विकसित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। परियोजना के पहले चरण में झांसी के



33 राजस्व ग्रामों की 35 हजार एकड़ जमीन को अधिग्रहीत कर औद्योगिक शहर की स्थापना की जाएगी। इस जमीन की कीमत 6312 करोड़ रुपए है।

अतिरिक्त 5 हजार करोड़ रुपए का किया गया प्राविधान : सुरेश खन्ना ने बताया कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में सरकार की ओर से 5 हजार करोड़ की व्यवस्था की गई थी और इस वर्ष (2023-24)में मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व नए औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना मद के तहत ऋण के रूप में 5000 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। जो जमीन अधिग्रहीत की जाएगी, उसमें 8 हजार एकड़ जमीन ग्राम समाज की है।

प्रमुख शहरों से होगी बेहतरीन कनेक्टिविटी: वित्त मंत्री ने बताया कि यह योगी सरकार का बहुत बड़ा कदम है। इस ऐतिहासिक निर्णय से बुंदेलखंड के बहुआयामी विकास को तेज गति मिलेगी। झांसी के आसपास का एरिया बड़े पैमाने पर विकसित हो जाएगा। इसके माध्यम से कुल 14 हजार हेक्टेयर जमीन पर औद्योगिक शहर विकसित करने की योजना है। यह औद्योगिक शहर झांसी-ग्वालियर मार्ग पर प्रस्तावित है जो राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से देश के प्रमुख शहरों से भी जुड़ा होगी। यही नहीं, यह राष्ट्रीय राजमार्ग 27 से जालौन जनपद से गुजरने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जुड़कर प्रदेश के अन्य शहरों से अच्छी तरह जुडेगी।

क्षेत्र के विकास के साथ ही मिलेंगे रोजगार के अवसरः बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अंतर्गत टाउनशिप समेत औद्योगिक स्थापना के लिए आवश्यक सभी आवश्यक सुविधाओं का यहां समावेश होगा।

इसके गठन से क्षेत्र का सवार्गीण विकास होगा तथा बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा। जन सामान्य को क्षेत्रीय विकास के साथ ही रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, जिसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। यह कदम प्रदेश के विकास में भी बहुत बड़ा योगदान देगा। सरकार ने जो वन ट्रिलियन इकॉनमी बनने का संकल्प लिया है, वो इसके माध्यम से पूरा हो सकेगा।

### 100 सबसे पिछड़े नगरीय निकायों में लागू होगी आकांक्षी नगर योजना

**योगी** कैबिनेट ने 20 हजार से एक लाख जनसंख्या वाले सबसे पिछड़े 100 नगरीय निकायों में आकांक्षी नगर योजना को लागू किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है। इसके अंतर्गत इन नगरीय निकायों में वर्तमान में चल रही सरकारी योजनाओं के साथ ही केंद्र व राज्य सरकार, सांसद व विधायक निधि समेत अन्य संस्थाओं से सहयोग प्राप्त कर कन्वर्जन के माध्यम से परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। योजना के तहत 762 नगरीय निकायों में से 100 आकांक्षी नगरीय निकायों का चयन नीति आयोग द्वारा 16 पैरामीटर्स के आधार पर किया जाएगा।

## राजद्रोह कानून : संविधान बेंच करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने राजद्रोह कानून के मामले को संविधान बेंच को रेफर कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ बेंच का गठन करेंगे। ये बेंच 1962 के केदारनाथ फैसले की समीक्षा करेगी। केदारनाथ के फैसले में भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए को वैध ठहराया गया था। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने नए प्रस्तावित आपराधिक कानून के पास होने तक इंतजार के लिए कहा। इस पर कोर्ट ने कहा कि नया कानून आ जाने पर भी भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए के तहत दर्ज मुकदमे खत्म नहीं होंगे। इसलिए उसकी वैधता पर सुनवाई जरूरी है। सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जल्दबाजी न करें। उन्होंने कहा कि क्या कुछ महीनों का इंतजार नहीं किया जा सकता। पहले की सरकारों के पास बदलाव का मौका था लेकिन वो इससे चूक गए। यह सरकार कम से कम सुधार के दौर में है। तब सिब्बल ने कहा कि बुनियादी तौर पर जो गलत है वह यह है कि सरकार के प्रति असंतोष को राज्य के प्रति असंतोष नहीं कहा जा सकता। राज्य सरकार नहीं है और सरकार राज्य नहीं है। सिब्बल ने



कहा कि 1973 में इसे संज्ञेय अपराध बना दिया गया। उससे पहले यह संज्ञेय नहीं था। इसलिए उन्होंने गिरफ़्तारी शुरू कर दी। तब मेहता ने कहा कि हमने इस मामले में विस्तृत नोट दाखिल किया है। इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख दी जाए। मेहता ने कहा कि सरकार के शीर्ष स्तर पर इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है लेकिन सरकार ने कहा कि सभी पक्षों से बात कर ली जाए। इस संदर्भ में सरकार के फैसले का इंतजार किया जाना चाहिए। तब सिब्बल ने कहा कि हम इस पर संसद के कानून बनाने का इंतजार नहीं कर सकते नया कानून कहीं अधिक कठोर है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई, 2022 को राजद्रोह के कानून पर केंद्र को कानून की समीक्षा की अनुमति दे दी थी। तत्कालीन चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली बेंच ने राजद्रोह के तहत फिलहाल नए केस दर्ज करने पर रोक लगा दिया था। कोर्ट ने कहा था कि अगर किसी पर केस दर्ज हो तो निचली अदालत से राहत की मांग करे। कोर्ट ने लंबित मामलों में कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया था।

कोर्ट ने कहा था कि जेल में बंद लोग निचली अदालत में जमानत याचिका दाखिल करें। राजद्रोह के कानून के खिलाफ 12 जुलाई, 2021 को मणिपुर के पत्रकार किशोरचंद्र वांगखेमचा और छत्तीसगढ़ के पत्रकार कन्हैयालाल शुक्ल की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वकील तनिमा किशोर ने कहा था।

## लैंड फॉर जॉब्स केस में लालू के खिलाफ चलेगा केस

### केंद्र सरकार ने सीबीआई को दी मंजूरी, तेजस्वी की चार्जशीट पर अब 21 सितंबर को सुनवाई

**पटना**

**लैंड** फॉर जॉब्स मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू यादव पर केस चलेगा। सीबीआई को केंद्र सरकार से इसकी इजाजत मिल चुकी है। 1 महीने पहले सीबीआई ने केंद्र से लालू के खिलाफ मुकदमा चलाने की इजाजत मांगी थी। सीबीआई ने दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ कथित लैंड फॉर जॉब्स केस में ताजा आरोप पत्र के संबंध में गृह मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। लैंड फॉर जॉब मामला तब का है, जब लालू यादव रेल मंत्री थे, इसलिए इसमें गृह विभाग से अनुमति की जरूरत थी। सीबीआई ने बताया कि हमने लालू के अलावा रेलवे के 3 अधिकारियों के खिलाफ भी केस चलाने की मंजूरी मांगी थी, जो फिलहाल नहीं मिली है। उम्मीद है



कि एक हफ्ते में इजाजत मिल जाएगी।

डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर सीबीआई की ओर से दायर चार्जशीट पर दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में होने वाली सुनवाई टल गई है।

अगली सुनवाई की तारीख 21 सितंबर तय की गई है। सूत्रों की माने तो लैंड फॉर जॉब्स मामले में यह नया केस है। पुराने केस में पहले ही राजद सुप्रीमो लालू यादव, बिहार की पूर्व उट राबड़ी देवी और बेटी और सांसद मीसा भारती जमानत पर हैं।

## अक्टूबर माह में 'कृषि समृद्धि महोत्सव' मनाएंगी केन्द्र सरकार

**नई दिल्ली**

**केन्द्र** सरकार अक्टूबर माह में 'कृषि समृद्धि महोत्सव' मनाएगी। महोत्सव के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किसान हित कार्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने आज इसकी जानकारी दी। डॉ. मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों पर किसानों और केंद्र संचालकों के साथ संवाद किया। संवाद के दौरान उन्होंने किसानों से नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के लाभों के बारे में बातचीत की और आग्रह किया कि आर्गेनिक फर्टिलाइजर के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि किसान समृद्धि केंद्र वन स्टॉप शॉप मॉडल के रूप में विकसित किए गए है। उन्होंने खुशी व्यक्त की कि इससे किसानों को कृषि से संबंधित सभी सुविधा एक छत के नीचे मिलने लगी है। अपने संबोधन में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ सालों में किए गए किसान हितैषी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने एमएसपी की दरें बढ़ाई और विपरीत परिस्थितियों में भी यूरिया की कीमतें बढ़ने नहीं दी। केन्द्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार की ओर से किसानों का यूरिया किसी भी कंपनी को डायवर्ट नहीं होने दिया जाएगा।

## राष्ट्रपति ने किसानों के अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में किसानों के अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में 59 देशों के प्रख्यात वैज्ञानिक और किसान शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया का कृषक समुदाय फसल विविधता का सच्चा संरक्षक है। इस दिशा में किसानों के पास असाधारण शक्ति और जिम्मेदारी है।

## मणिपुर के कांगगुई में फायरिंग, तीन की मौत



**इंफाल**

**मणिपुर के** कांगपोकपी में मंगलवार (12 सितंबर) को फायरिंग में 3 लोगों की मौत हो गई। अज्ञात हमलावरों ने कांगगुई इलाके में इरेंग और करम वैफेई गांव के बीच सुबह करीब 8.20 बजे ग्रामीणों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें 3 की मौत हो गई। इससे पहले 8 सितंबर को टेंग्नौपाल के पल्लेल में भड़की हिंसा में भी तीन लोग मारे गए थे और 50 से अधिक घायल हुए थे। मणिपुर में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर चल रहे विवाद में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इधर, प्रदेश भाजपा के 23 विधायकों ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पास किया, जिसमें उन्होंने 10 कुकी टछअ'२ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कुकी विधायक राज्य में अलग प्रशासन की मांग कर रहे हैं। भाजपा विधायकों ने इस मांग के विरोध में अपने प्रस्ताव को लेकर सीएम एन बीरेन सिंह से भी मुलाकात की। हाल ही में बने सिविल सोसाइटी संगठन यूथ ऑफ मणिपुर के मेंबर्स सोमवार रात भाजपा विधायकों के साथ थे। वे भी मुख्यमंत्री से मिले। डट के सदस्यों ने अलग प्रशासन की मांग करने वाले 10 कुकी विधायकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने इस मामले पर चर्चा के लिए विधानसभा का एक विशेष सत्र बुलाने और राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर लागू करने की भी मांग की।

भाजपा विधायकों के प्रस्ताव पर सीएम का साइन नहीं: 23 भाजपा विधायकों ने एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं।

## डीजल वाहन पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त कर लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं: गडकरी

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि डीजल वाहनों और जेनसेट पर अतिरिक्त जीएसटी लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। इससे पहले मीडिया के एक वर्ग में इस आशय की खबर आई थी कि गडकरी ने वायु प्रदूषण कम करने के लिए डीजल वाहनों पर अतिरिक्त 10 फीसदी जीएसटी लगाने को लेकर वित्त मंत्रालय को एक प्रस्ताव सौंपने वाले हैं। गडकरी ने मंगलवार को उत्सर्जन में कटौती में मदद के लिए डीजल वाहनों पर 10 फीसदी अतिरिक्त कर लगाने को लेकर स्पष्ट किया कि इस तरह का कोई भी प्रस्ताव सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है। गडकरी ने इस खबर को लेकर एक्स पोस्ट पर स्थिति साफ की कि उनकी तरफ से ऐसी कोई योजना नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उत्सर्जन में कटौती के लिए स्वच्छ ईंधन को अपनाने की जरूरत है। इससे पहले मीडिया में चल रही खबर कि गडकरी ने यहां वाहन विनिमाताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के 63वें वार्षिक सम्मेलन में डीजल वाहन और जेनसेट का उपयोग कम करने के लिए ह्यप्रदूषण कर लगाने की बात कही थी।

## हिमाचल में राष्ट्रीय आपदा घोषित करें पीएम मोदी: प्रियंका

**शिमला**

**प्रियंका** गांधी ने मंगलवार सुबह कुल्लू और मनाली में आपदा प्रभावितों से बात की और उनका दर्द जाना। इसके बाद वह मंडी के पंडोह पहुंचीं, जहां जुलाई महीने की भारी बारिश के दौरान इइटइ डैम के पानी ने लोगों के घरों और उनकी उपजाऊ जमीन को बर्बाद कर दिया था। मंडी के बाद प्रियंका का सोलन जाने का कार्यक्रम था। मगर, खराब मौसम के चलते हेलीकॉप्टर सोलन के लिए नहीं उड़ पाया। इसके बाद वह मंडी से सीधे शिमला पहुंचीं। अब प्रियंका गांधी शिमला के छराबड़ा में अपने घर पर ठहरी हुई हैं। आज भी प्रियंका गांधी शिमला और सोलन



के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर सकती हैं। कांग्रेस सूत्रों की मानें तो प्रियंका गांधी का कल का प्रोग्राम तय हो रहा है। देर शाम तक प्रोग्राम तय होगा। इससे पहले सुबह के वक्त करीब 8 बजे प्रियंका गांधी दिल्ली से चंडीगढ़ पहुंची। यहां पर हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने उनका स्वागत किया। चंडीगढ़ से तीनों नेता कुल्लू के भुंतर पहुंचे। इस दौरान हिमाचल कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला, ढहऊ मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी साथ मौजूद रहे।

भारी बारिश से 8600 करोड़ की संपत्ति तबाहः प्रदेश में भारी बारिश से 8600 करोड़ रुपए से ज्यादा की निजी व सरकारी संपत्ति तबाह हुई है।

मौजूदा मानसून सीजन में 425 लोगों की मौत हो चुकी है। इस दौरान 2559 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि 10,890 घरों को आंशिक नुकसान हुआ है। 318 दुकानें और 5,680 गोशालाएं भी तबाह हुई हैं। 24 जून से 10 सितंबर तक प्रदेश में भूस्खलन की 164 और बाढ़ की 72 घटनाएं हुई हैं।

### कुल 194 और बिहार के 50% एसपी के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज

## देश में 763 सांसद, 306 पर क्रिमिनल केस

**नई दिल्ली**

**एसोसिएशन** फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने सांसदों पर दर्ज क्रिमिनल केस को लेकर रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया है कि देश के कुल 763 सांसदों में से 306 सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 194 सांसदों के खिलाफ हत्या और महिलाओं से अत्याचार के गंभीर केस हैं। एडीआर ने यह रिपोर्ट लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों की तरफ से दायर हलफनामे के हवाले से जारी की है।

बिहार के सबसे ज्यादा 41 सांसदों के खिलाफ केस दर्जः

रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि लक्षद्वीप से



एक सांसद, केरल के 29 सांसदों में से 23, बिहार के 56 सांसदों में से 41, महाराष्ट्र के 65 सांसदों में से 37, तेलंगाना के 24 सांसदों में से 13 और दिल्ली के 10 सांसदों में से 5 के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

यूपी के सबसे ज्यादा 37 सांसदों के खिलाफ गंभीर मामले दर्जः एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि लक्षद्वीप से एक, बिहार के 56 सांसदों में से 28, तेलंगाना के 24 सांसदों में से 9, केरल के 29 सांसदों में से 10, महाराष्ट्र के 65 सांसदों में से 22 और यूपी के 108 सांसदों में से 37 के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज हैं। राज्यसभा के 225 सदस्यों में 27 यानी (12%) अरबपति हैं।

अरबपति सांसदों में सबसे ज्यादा संख्या भाजपा के सदस्यों की है। 225 में बीजेपी के 85 सदस्य हैं, जिनमें 6 यानी 7% सांसद अरबपति हैं।

## सनातन धर्म का विरोध सोनिया, राहुल और कांग्रेस की सोची समझी रणनीतिः नड्डा

**नई दिल्ली**

**डीएमके** के मंत्री पोनमुडी के बयान को लेकर भाजपा अब कांग्रेस, आईएनडीआईए गठबंधन पर हमलावर है। भारतीय जनती पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन की मुम्बई बैठक के दो दिन बाद उदयनिधि स्टालिन का बयान आना, फिर प्रियांक खड़गे का सनातन पर आघात और आज डीएमके के मंत्री द्वारा ये स्वीकार



करना कि गठबंधन का गठन ही सनातन धर्म के विरोध में किया गया था, यह सोनिया गांधी, राहुल और कांग्रेस की एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। मंगलवार को उन्होंने एक्स पर अपना बयान पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन को इस बयान पर अपना मत स्पष्ट करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### माध्यमिक शिक्षक संघ की तहसील इकाई घोषित

**करछना।** प्रयागराज उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (वित्तविहीन गुट) के जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू ने प्रदेश अध्यक्ष/शिक्षक विधायक लाल बिहारी यादव के निर्देश पर जनपद प्रयागराज के तहसील अध्यक्षों का मनोनयन कर दिया है। जिनमे सन्ध्या कुशवाहा (कोरांव), ईशा श्रीवास्तव (करछना), अरविन्द यादव (बारा), राकेश कुशवाहा (मेजा), सुरेंद्र कुमार यादव (हण्डिया), मनोज पाल (सोरांव), नन्दलाल यादव (फूलपुर) के तहसील अध्यक्ष तथा कविता यादव को महानगर अध्यक्ष प्रयागराज का दायित्व सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त अजय कुमार यादव (उरुआ )अमित सिंह (माण्डा), राजेश कुमार पटेल (शंकरगढ़), कुंवर आलोक सिंह (मेजा) तथा शिवमोहन पटेल (कौधियारा) के ब्लाक अध्यक्ष मनोमित किये गये है। इस आशय की जानकारी संघ के जिला प्रवक्ता सी.पी. मिश्रा ने दी है।

# एक चुटकी मिट्टी से बनेगी शहीदों की अमृत वाटिका : योगेश शुक्ल




अखंड भारत संदेश

**मेजा।** हर घर की एक चुटकी मिट्टी देश की राजधानी में स्थिति कर्तव्य पथ पर बनने वाले अमृत वाटिका तक पहुंचाई जायेगी यह अमृत वाटिका देश के शहीदों के स्मृति में लगाई जायेगी। उक्त उदगार वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने मगलवार को कठौली और सोराव गांव मे कार्यकताओं संघ घर घर मिट्टी संग्रह करने के दौरान व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश ह्लअभियान के लिए हर एक घर के आँगन और दरवाजे की मिट्टी एक चुटकी मिट्टी देश की राजधानी में निर्मित होने वाली अमृत वाटिका तक पहुँचाई जाएगी। जिससे देश के शहीदों की स्मृति में बनाई जाएगी ।श्री शुक्ल ने कहा कि इस अभियान से प्रत्येक देश वासी भावनात्मक रूम से एकात्मकता और एकता के सूत्र में बंधेगे आगे भाजपा नेता ने कहा कि माननीय प्रधान मंत्री मोदी की प्रेरणा से चलने वाला यह अभियान ऐतिहासिक रूप से सफल हो रहा है। इस मौके भाजपा जिला महा मंत्री विक्रमादित्य मौर्य , जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा अरुण कुमार सिंह पप्पू, मंडल अध्यक्ष जीत नारायण श्रीवास्तव ,भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजेश शुक्ल ,राम बलीमौर्य , हेमंत दुबे , राकेश शुक्ल,रमेश शुक्ल , संगम लाल विश्वकर्मा, इंद्र मणि कुशवाहा, शिव कुमार कुशवाहा, महेंद्र प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति , मिथिलेश मौर्य, राम सुख कुशवाहा, जय प्रकाश बिंद, योगेंद्र पाल, धर्मेंद्र प्रजापति ,दीपक, अनिक तथा शिवम, सहित सैकड़ों लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## तिरंगा झंडा लेकर गांव गांव मिट्टी संग्रहित किया



**करछना।** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा भडेवरा मंडल की ओर से मंगलवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत तिरंगे झंडे के साथ कलश यात्रा निकालकर घर-घर से मिट्टी संग्रह किया गया। जिसमें बतौर मुख्य रूप से भाजपा नेता योगेश शुक्ल मौजूद रहे । मेरी माटी मेरा देश अभियान के लिए हर एक घर के आँगन और दरवाजे की मिट्टी लेते हुए भडेवरा बाजार में योगेश शुक्ल ने कहा कि हर घर की एक चुटकी मिट्टी देश की राजधानी में स्थित कर्तव्य पथ पर बनने वाले अमृत वाटिका तक पहुँचाई जाएगी। यह अमृत वाटिका देश के शहीदों की स्मृति में बनाई जाएगी। शुक्ल ने कहा कि इस अभियान से प्रत्येक देश वासी भावनात्मक रूप से एकात्मकता और एकता के सूत्र में बँध रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से चलने वाला यह अभियान ऐतिहासिक रूप से सफल हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा यमुनापार के किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सेवालाल पटेल मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडेय महामंत्री राम मनोहर लोहिया बैकुंठ नाथ मिश्र युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास पांडेय भाजपा नेता नरेश कुमार सोनकर विनायक पंडित बनारसी पांडेय उमाकांत पांडेय गंगेश्वर मिश्र आशाराम द्विवेदी विनय शुक्ल रामबाबू पटेल राम पूजन यादव शिशिन सिंह कमलेश साहू लाल बहादुर गौतम रवि शंकर तिवारी आनंद कांत उपाध्याय के सहित आदि भाजपाई लोग शामिल रहे।

## मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत घर-घर से कलश में जुटाइ माटी

**जारी।** भारत सरकार के मनसा अनुरूप देश में देश की माटी का चंदन और देश के लिए वीर शहीदों को नमन के लिए पूरे देश में चलाए जा रहे अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी कौंधियारा मंडल के जारी बाजार में मंडल अध्यक्ष शिवप्रसाद केसरवानी के नेतृत्व में पूरे नगर में घर-घर जाकर केंद्र तक भेजने के लिए कलश में मिट्टी जताने का कार्य किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शहर उत्तरी के पूर्व विधायक प्रभात शंकर पांडे घर-घर जाकर माटी का चंदन वीरों को नमन और अभिनंदन का संदेश दिया। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया ढोल और नगरों के साथ वंदे मातरम और भारत माता की जय कारों के साथ नगर में सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर लोगों से कलश में मिट्टी डालने और देश के प्रति समर्पण की भावना को जागृत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल मंडल अध्यक्ष नारीबारी अंजनी लाल जिला मंत्री प्रकाश शुक्लमंडल महामंत्री कौंधियारा दिनेश प्रजापति मंडल उपाध्यक्ष कौन यार दिनेश मिश्रा रत्नाकर सिंह जिला पंचायत सदस्य आलोक कॉल सौरभ मिश्रा राम कैलाश पांडे संदीप बिना आदि लोग उपस्थित रहे।




# शहीद स्मारक के लिए भाजपाईयों ने इकट्ठा की माटी



**सहसों।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने ग्राम सभा देवनहरी, रुदापुर, चिरौरा, सराय हुसैना, चक हुसैना, खोदायपुर, बगई कला, बगई खुर्द सहित आदि गांवों में घर-घर जाकर बनने वाला शहीद स्मारक के लिए माटी इकट्ठा किया। कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने ग्रामीणों को पार्टी एवं सरकार की रीति नीति एवं चलाए जा रहे कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। तथा कहा कि हर गांव से हर घर से माटी इकट्ठा कर इसे ब्लॉक कार्यालय पर जमा किया जाएगा। जो कि शहीदों के लिए बनाए जा रहे स्मारक के लिए जाना है। जिसमें सभी गांव वासियों का योगदान होना सुनिश्चित किया गया है। जिसके लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी, मण्डल उपाध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र वर्मा, राजेश कुमार चौरसिया, रमेश कुमार पटेल, नरेंद्र कुशवाहा, उमेश कुशवाहा, मूलचंद्र पाल सहित आदि कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल रहे।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रतापपुर में निकली कलश यात्रा

**प्रतापपुर।** मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा' हेतु भाजपा मंडल प्रतापपुर द्वारा विभिन्न शक्ति केंद्रों से मिट्टी अमृत कलश में संग्रहित करने का कार्य हुआ ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः के भाव के साथ यह अभियान प्रतापपुर मंडल में सफलता के नये कीर्तिमान बनाते हुए अपनी ऊंचाइयों को शीघ्रता से अर्जित करेगा। इस अभियान में गंगापार भाजपा जिलाध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष श्यामबिहारी पांडेय, मंडल अध्यक्ष भाजपा प्रतापपुर पं. आशुतोष त्रिपाठी, वरिष्ठ समाजसेवी, भाजपा नेता संजय मिश्र बनकटा, ग्राम प्रधान थानापुर विजय लक्ष्मी सिंह चंदेल मंडल महामंत्री देवेंद्र धर द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष श्वेतांक मिश्रा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष उदयवीर प्रजापति, लालेश पटेल, युवा मोर्चा महामंत्री विभव सिंह, अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष रविंद्र कनौजिया, भाजयुमो मीडिया प्रभारी कान्हा सिंह, मंडल मंत्री विनय दुबे, बरेस्ता शक्ति केंद्र संयोजक शेखर पांडेय, अजीत पांडेय, मिथिलेश सोमवंशी, आचार्य मयंक मिश्र मीडिया प्रभारी भाजपा मंडल प्रतापपुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कमीशन की लम्बी फेहरिस्त से त्रस्त प्रधानों ने करछना ब्लाक पर किया प्रदर्शन

### एक सप्ताह में सुधार नहीं लाया गया तो होगी ब्लाक कार्यालय में ताला बंदी, प्रधानों की हुंकार

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज विकास खंड करछना में प्रधानों से विकास कार्यों से संबंधित गांवों में कराएं जा रहें कार्यों में कमीशन की लम्बी फेहरिस्त से आजिज आकर प्रधानों ने मंगलवार को दोपहर ब्लॉक मुख्यालय पर अपनी फडास निकाली जिसको लेकर दिन भर आफिस का कार्य प्रभावित हुआ वहीं प्रधान भ्रष्ट ब्लाक कर्मचारियों को हटाए जाने को लेकर चेतावनी दी है आवास स्वीकृत के नाम पर कमीशन, कच्चे, पक्के कार्यों में स्वीकृति को लेकर कमीशन को लेकर करछना विकास खंड में विवाद गरमाया हुआ है जिसको लेकर सोमवार को प्रधान चनैनी धीतेश तिवारी व एक ब्लाक कर्मी से खंड विकास अधिकारी के चेंबर में नोक झोंक हों गयी थी जिसको लेकर मंगलवार को प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट महामंत्री धीतेश तिवारी समेत सभी ग्राम पंचायतों से आए हुए प्रधानो ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय में वीडीयो को चेतावनी देते हुए कहा कि ब्लाक में कोई भी कर्मचारी प्रधानों से कमीशन की मांग की शिकायत आने पर ब्लाक में ताला बंदी कर दी जाएगी वहीं प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की इस मौके पर सुरेश पांडे प्रधान प्रतिनिधि पुरैनी, अजीत शर्मा प्रधान प्रतिनिधि खाई, विनोद श्रीवास्तव, परमानंद मौर्या, सुनील कुमार,कमला कान्त शुक्ला, शिवराम, शैलेन्द्र शर्मा, अमित कुमार प्रधान प्रतिनिधि देवरी कला, दिवाकर सिंह आदि समस्त प्रधान व प्रतिनिधि शामिल रहे।

## दलित महासम्मेलन का किया गया आयोजन




**जसरा।** दलित महासम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉ संगम मिश्र के आने पर दलित समाज के लोगों ने अंग वस्त्रम एवं माला पहना कर उनका जोरदार स्वागत किया। दलित समाज के लोगों ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जिंदाबाद के नारे लगाए। डॉ संगम मिश्र ने भारी भीड़ के बीच में कहा कि मैं आपके हर सुख दुख में सदैव उपस्थित रहूंगा। मैं आपकी सेवा करने के लिए आया हूं। श्री मिश्र ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ०भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान बनाया है,उसी पर चलकर के ही देश को समृद्धि और शांति के रास्ते पर आगे बढ़ाया जा सकता है। कहा कि यमुनापार की बेरोजगारी और गरीबी को हर हाल में दूर करने का पूरा प्रयास करूंगा। आसपास के गांव से आए हुए लोगों के द्वारा बिजली पानी की समस्या बताए जाने पर डॉ संगम मिश्र ने कहा उच्च अधिकारियों से मिल कर इन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी राजाराम चौधरी ने अंग वस्त्रम एवं फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। अपने भाषण में दलित महा सम्मेलन के आयोजक ने कहा कि दलित के सम्मान में, डॉ संगम मिश्र मैदान में। उन्होंने दलित समाज के लोगों से कहा की डॉक्टर संगम मिश्रा हमारे हर सुख दुःख में सदैव खड़े रहेंगे। इसलिए यमुनापार के लोग व दलित समाज के लोग पूरी ताकत के साथ श्री मिश्रा के हाथों को मजबूत करें। दूर दराज गांवों से सैकड़ो की संख्या में आए दलित समाज के लोग डॉ संगम मिश्र , भाजपा जिंदाबाद के नारे लगातार लगाते रहे। कार्यक्रम का संचालन शंकरदेव त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर दलित समाज के पूर्व प्रधान संगमलाल, राजाबाबू पाठक,राम आधार,एस के तिवारी, सुशील शर्मा,विजय, दिनेश कुमार, राजेन्द्र प्रसाद,यशविक्रम ,सतीश चौधरी, नंदलाल,विजय लक्ष्मी,आकाश सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर चंद्रशेखर को दी बधाई



**करछना।** क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज के शिक्षक चंद्रशेखर सिंह को समाजवादी शिक्षक सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर शिक्षकों ने बधाई दी है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर बी.पांडेय द्वारा दी गई जिम्मेदारी को लेकर सभी ने खुशी का इजहार करते हुए उन्हें बधाई दी ।मंगलवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष तिवारी और प्रवक्ता प्रदीप कुमार ने उनका माल्यार्पण करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। शिक्षकों ने कहा कि इससे शिक्षकों की आवाज बुलंद करने में और मदद मिलेगी। इस मौके पर प्रवक्ता जितेंद्र कुमार,जगतपाल,मो.परवेज सिद्दीकी, एनसीसी अधिकारी रमेश चंन्द्र तिवारी, मालती शर्मा,विजय सिंह समेत शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

### हापुड़ की घटना के विरोध में कोरांव के अधिवक्ता हड़ताल पर रहे



**पसना।** हापुड़ में महिला अधिवक्ता के साथ हुए दुर्व्यवहार व वकीलो पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के निर्देश पर विगत कई दिनों से चल रही हड़ताल के क्रम में आज मंगलवार को जिले की सबसे दूरस्थ तहसील कोरांव के अधिवक्ताओं ने भी हड़ताल जारी रखी। बार एसोसिएशन कोरांव के अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी व मंत्री विंध्यवासिनी शुक्ल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाते हुए अदालतों का बहिष्कार किया। हड़ताल में प्रमुख रूप सेअरुण कुमार तिवारी अध्यक्ष ,रामचंद्र तिवारी पूर्व अध्यक्ष, श्याम सुंदर तिवारी अधिवक्ता ,आर पी सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता, यादवेन्द्र अहीर ऑडिटर रजनीश कुमार शुक्ला विंध्यवासिनी प्रसाद शुक्ला मंत्री कौशलेश प्रसाद तिवारी महाकाल सुरेश यादव अधिवक्ता आशुतोष कुमार तिवारी अधिवक्ता ,चंचल अधिवक्ता, बाल गोविंद पांडे पूर्व अध्यक्ष, इंद्रेश पांडे अधिवक्ता,धीरेंद्र कुमार शुक्ला वरिष्ठ अधिवक्ता, आदि सम्मिलित हुए।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय में एनएटी परीक्षा सकुशल संपन्न



**मेजा।** मेजा की पहाड़ी पर नवोदय विद्यालय के पास स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मंगलवार को सरल एप के माध्यम से निपुण एसिसमेंट टेस्ट(एनएटी) परीक्षा खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह की देखरेख में संपन्न हुई।संस्था की वार्डेन सीतांजली गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर नोडल अधिकारी अतुल कुमार यादव,सर्वेश कुमार,वैकुंठ गिरी,अल्पना मिश्रा,रीता आर्या सहित डायट के तीन प्रशिक्षु मौजूद रहे।गौरतलब है कि निपुण भारत मिशन' को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य सरकार निपुण मूल्यांकन परीक्षा (एनएटी) का आयोजन कर रही है। निपुण मूल्यांकन परीक्षाएं 11 से 16 सितंबर तक आयोजित होगी जिसमें कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों की भाषा और गणित जबकि कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों का गणित और विज्ञान विषयों में मूल्यांकन किया जाएगा। बता दें कि निपुण मूल्यांकन परीक्षाएं 'सरल ऐप' के माध्यम से आयोजित की जा रही है, जिसके सवालों के जवाब छात्रों को ओएमआर शीट पर काले वाल पेन से देने होंगे।

### नेट की परीक्षा संपन्न उत्साहित बच्चों ने किया प्रतिभाग



**सहसों।** निपुण एसेसमेंट टेस्ट संविलियन विद्यालय सहसों, उच्च प्राथमिक विद्यालय थानापुर, प्राथमिक विद्यालय बभनकुइयां, बगई खुर्द, प्राथमिक विद्यालय रूदापुर सहित आदि विद्यालयों में दो दिवसीय परीक्षा मंगलवार को पर्यवेक्षक की निगरानी में सकुशल संपन्न हुई। प्राथमिक विद्यालय बभनकुइयाँ में नेट परीक्षा में द्वितीय दिवस कक्षा 4 व 5 के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।प्रधानाध्यापक विन्देश्वरी प्रसाद, सहायक अध्यापक अजीत सिंह ने बताया नेट परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु पर्वेक्षक के रूप में मिनाक्षी सिंधु नियुक्त की गई थी, जिनकी निगरानी में नियमतः ओएमआर शीट एवं पेपर का लिफाफा खोला गया और बच्चों को ससमय वितरण कराया गया। शासन के निदेर्शानुसार नेट परीक्षा को सम्पन्न कराने के पश्चात सभी बच्चों की ओएमआर सीट सरल ऐप के माध्यम से स्कैन कर डेटा को सेव कर दिया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय थानापुर में प्रधानाध्यापिका गिरिजा देवी ने बताया कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत रही तथा परीक्षा संपन्न होने के बाद ओएमआर शीट सरल एप पर डाउन कर सबमिट कर दिया गया।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत



**बारा।** बारा तहसील के अधिवक्ता भवन में भारतीय किसान यूनियन( भानू) की एक बैठक मण्डल अध्यक्ष राजीव चंदेल की अध्यक्षता में आहूत की गयी।बैठक में विधि प्रकोष्ठ के पदों पर नव नियुक्त मण्डल महासचिव विधि प्रकोष्ठ अधिवक्ता रुपेश त्रिपाठी व सुभाष शुक्ल को जिला मीडिया प्रभारी,आशीष मिश्र को जिला उपाध्यक्ष,हरिमोहन दिवेदी,प्रदीप दिवेदी, पंकज मिश्र,निर्भय शंकर दिवेदी,दिनेश कुमार निषाद, राहुल दिवेदी प्रशांत सिंह सहित सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर प्रमाण पत्र दिया गया।इस मौके पर राकेश त्रिपाठी,आनंद मिश्र सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# किसान के भूमिधरी खेत में ठीकेदार जबरिया बना रहा सड़क

### बिना पैमाईश के सड़क निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश

अखंड भारत संदेश



**पसना।** कोरांव के किहुनी खुर्द ग्राम पंचायत के गड़री मजरे में दबंग लोगों की दबंगई के बल पर बुजुर्ग किसान के खेत में ठीकेदार जबरिया सड़क बनवा रहा है। उल्लेखनीय है कि गड़री ग्राम के बुजुर्ग किसान दम्पति कृष्ण दत्त तिवारी ने बताया कि योगी जी के सरकार में उनके साथ ठीकेदार ग्राम के कुछ दबंग लोगों की मिलीभगत से उसके खेत में जबरिया सड़क का निर्माण करा रहा है। जबकि उसने 11 जुलाई को उप जिलाधिकारी कोरांव को बिना चक मार्ग के पैमाईश के सड़क का निर्माण न कराए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर एस डी एम कोरांव ने राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को आदेश दिया था कि मौके पर जाकर निस्तारण करें लेकिन कोई नहीं पहुंचा। भुक्तभोगी ने बताया कि गाँव में कुछ अराजक तत्वों के द्वारा उनके खेत में साजिश के तहत पक्की सड़क बनवाई जा रही है जबकि उसका खेत मौके पर कम है। पीड़ित किसान ने अपनी ब्यथा बताते हुए कहा कि उक्त दबंग लोगों के द्वारा आए दिन अबैध हथियारों से लैस होकर ठीकेदार के साथ जबरिया उसके खेत में मिट्टी डलवाया जाता है । और जब वह बिरोध करता है ,तो उसकी और उसके परिवार की हत्या कर देने की धमकी दी जाती है। जिसकी शिकायत उसके द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त से की गई तो खीरी पुलिस ने न्याय करने के बजाय 107/116 कर दिया था। कोरांव तहसील के गावों में गरीब लोगों तथा बुजुर्गों के साथ न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है क्योंकि दबंग लोग हरेक जगह हावी हैं।

### करछना ब्लॉक में एडीओ पंचायत न्यू भवन कार्यालय का हुआ भव्य उद्घाटन

**करछना।** प्रयागराज विकास खंड करछना में विगत कई वर्षों से जर्जर हालत में हों चुके भवन पंचायत कार्यालय संचालित हो रहा था, वर्षांत के दौरान कार्यालय में कर्मियों को काम करने में दिक्कत हो रही थी, वही वीडियो कार्यालय के पास स्थित पुराने भवन की मरम्मत कार्य कराकर न्यू कार्यालय का पंचायत का हस्तांतरण कर दिया गया, मंगलवार को एडीओ पंचायत रमाकांत पांडे ने फीता काट कर कार्यालय पंचायत का उद्घाटन कर कर्मियों का लड्डू बांटे इह अवसर पर दुष्यंत प्रताप सिंह, मनीष शुक्ला, ब्रजेश द्विवेदी, हेड एकाउंटेंट, अतुल कुमार मिश्रा, सचिव रामसकल, सचिव आदित्य कुमार पौडवाल, सचिव अक्षत सिंह, रोजगार सेवक संघ करछना अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव, फर्म संचालक गंगा धर शुक्ला, सचिव कमल सिंह, सचिव आरती यादव, सहित प्रधान, रोजगार सेवक एवं ब्लाक कर्मी मौजूद थे।

# दो दिवसीय बोलन का मेला 24 से,तैयारियां जोरों पर

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मेजा खास के बोलन धाम में लगने वाले दो दिवसीय मेले की तैयारी जोरों पर है। मेला मैदान में झूलों ने डेरा डाल दिया है। मेले में आसपास क्षेत्र और दूरदराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर शिव को जलाभिषेक कर मन्नतें मांगेंगे। आयोजक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार यादव और निर्देशक तौलन प्रसाद पटेल,सह निर्देशक सुधीर गुप्ता ने बताया कि हर साल हरतालिका तीज के बाद पड़ने वाले रविवार और सोमवार को दो दिवसीय मेले का आयोजन 24 सितंबर की सुबह से 25 सितंबर की शाम तक किया जाएगा। ग्राम के बुजुर्गों का कहना है कि वर्षों से मेला लगता आ रहा है। मेले के बारे में किंवदंती है कि महाभारत काल में जब पांडव लक्षागृह से निकल कर इसी रास्ते से जा रहे थे तो हिडिंबा नमक राक्षसी ने भीम को देखकर मंत्रमुग्ध हो गई थी,लेकिन उसका भाई हिडिंबा को नागवार लगा और भीम को युद्ध करने की चुनौती दे दी।भीम ने सभी भाइयों से आगे जाने को कहा और स्वयं उससे भीड़ गए।कई महीने मल्ल युद्ध चलता रहा।चारों भाइयों ने सोचा कि भीम मारा गया तो उसके तर्पण करने के लिए इसी जगह पर अर्जुन ने बाण मारकर पाताल से पानी निकाला था,जो आज भी बाण गंगा के नाम से कुंड है।अकाल पड़ने पर भी कभी सूखता नहीं है।कुछ समय बाद जब भीम हिडिंबा के साथ समय व्यतीत करने के बाद आए तो इसी जगह शिव मंदिर की स्थापना की। रामलीला संरक्षक लालजी मिश्र,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व पूर्व ब्लॉक प्रमुख मेजा जंगीलाल गुप्ता बताते हैं कि मेले में दूरदराज से हजारों की संख्या में ग्रामीण अपने परिवार के साथ पहुंचकर मेले का आनंद लेते हैं व जमकर खरीदी-बिक्री करते हैं। मनोरंजन के साथ ही सौंदर्य प्रसाधन, विशेषकर गरमा-गरम गुड़ की जलेबी, सर्दी का राजा केले की बिक्री सबसे ज्यादा होती है। बच्चों व महिलाओं के लिए मनोरंजन के छोटे-बड़े झूलों ने डेरा डाल दिया है।उन्होंने बताया कि दूसरे दिन स्थानीय लोग अपने परिवार के साथ आकर मेले का आनंद लेते हैं। दो दिवसीय मेले में लोग सुबह पहुंचकर बाबा बोलन नाथ को जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगते हैं। बताया जाता है कि मन की मुराद पूरी होने पर लोग यहां रुद्राभिषेक करने आते हैं। सुरक्षा को लेकर प्रभारी निरीक्षक राजेश उपाध्याय ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### रोडवेज बस की चपेट में आने से मजदूर की हुई दर्दनाक मौत

**करछना।** प्रयागराज सोमवार सुबह करछना थाना क्षेत्र अंतर्गत मिजार्पुर हाइवे पर गधियाव के पास सड़क पार करते समय एक मजदूर की रोडवेज बस की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई,जिसे करछना पुलिस शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जानकारी के अनुसार गधिंयाव गांव का रहने वाला राकेश कुमार 25 वर्ष पुत्र रामबली जो मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करता था,रोजी रोटी के लिए रिक्शा टाली चलाया करता था और गांव के पास स्थित एक टेंट हाउस की दूकान पर अक्सर टाली चलाया करता था और राकेश अविवाहित था सोमवार सुबह 10 बजे वह हाइवे से लगे अपने घर से पास स्थित पचदेवरा जा रहा था, कि उसी दौरान रोडवेज बस तेजी से जा रही थी जिसकी चपेट में आने से बस से कुचल कर उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई,बस चालक बस छोड कर फरार हो गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही परिजनों ने बस चालक के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए करछना थाने में तहरीर दी है।

# जीवन ज्योति अस्पताल के कर्मचारी से दिन दहाड़े सात लाख लूटे, लुटेरों की तलाश में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में जीवन ज्योति अस्पताल के कर्मचारी प्रह्लाद सिंह से दिनदहाड़े सात लाख रुपये लूट लिए गए। घटना तब हुई जब वह मंगलवार दोपहर बैंक से पुराने नोट बदलकर लौट रहा था। तभी मैक्स शोरूम के पीछे वाली सड़क पर बाइक सवार दो बदमाश नकदी भरा बैग लूटकर भाग निकले। पैसा अस्पताल का था। पुलिस देर रात तक तलाश में जुटी रही लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिला।प्रह्लाद कीडगंज का रहने वाला है और जीवन ज्योति अस्पताल में कैशियर का काम करता है। मंगलवार दोपहर को वह अस्पताल के ही एक अन्य कर्मचारी अनिरुद्ध सिंह यादव के साथ बाइक से सिविल लाइंस आया। यहां वह अस्पताल का सात लाख रुपये लेकर संगम पैलेस स्थित पंजाब नेशनल बैंक में पहुंचा। उसके पास पुराने नोट थे जिसे उसने बैंक में नए नोट में बदलवाया और फिर नकदी एक बैग में रखकर साथी संग वापस लौटने लगा। उसने पुलिस को बताया कि उसके साथी को एक कागज जमा करना था, ऐसे में दोनों मैक्स शोरूम के पीछे की सड़क पर पहुंच गए।

### अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा

इसके बाद अनिरुद्ध वहां स्थित पीएनबी हाउसिंग लोन के कार्यालय में चला गया। जबकि प्रह्लाद नीचे ही खड़े होकर उसका इंतजार करने लगा। उसने बताया कि अचानक बाइक सवार दो युवक उसके करीब आए। वह कुछ समझ पाता, इससे पहले ही पीछे बैठे युवक ने उसके कंधे पर टंगा नकदी भरा बैग छीन लिया और फिर अपने साथी संग भाग निकला। वह शोर मचाते हुए पीछे दौड़ा, लेकिन कुछ ही देर में लुटेरे आंखों से ओझल हो गए। जानकारी पर अनिरुद्ध भी आ गया। देर रात उसकी तहरीर पर अज्ञात में केस दर्ज किया गया। इंस्पेक्टर सिविल लाइंस भानुप्रताप ने बताया कि जांच की जा रही है।

### हेलमेट पहनकर आए थे बदमाश

सूत्रों के मुताबिक, घटना के बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि बदमाश हेलमेट पहनकर आए थे। बाइक चलाने वाले व पीछे बैठे उसके साथी दोनों ने हेलमेट लगा रखा था। इससे आशंका यह भी जताई जा रही है कि हो सकता है कि



लुटेरे स्थानीय हों और उन्हें पहचाने जाने का डर हो। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### बैंक से ही तो नहीं की रेकी!

जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया गया, उससे यह भी आशंका जताई जा रही है कि लुटेरे बैंक से ही अस्पतालकर्मियों के पीछे लगे थे। दरअसल प्रह्लाद ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि बैंक से नकदी लेकर निकलने के करीब 15 मिनट बाद ही यह वारदात हुई। बदमाश सीधे उसके पास आए और बैग पर झपट्टा मारा। यानी उन्हें मालूम था कि नकदी बैग में है। पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले हैं।

### रोजगार मेले में 252 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा मंगलवार को पं0 गोपीनाथ मिश्र महाविद्यालय, रामपुर देउली, प्रतापपुर, प्रयागराज परिसर में प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में मुख्य अतिथि अमर नाथ यादव चेयरमैन फूलपुर(भाजपा) द्वारा बेरोजगार नवयुवकों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी एवं सेवायोजन कार्यालय के सार्थक प्रयास को सराहा गया। इस कार्यक्रम में सहा0जि0रो0स0 अधिकारी प्रवीन यादव, मेला प्रभारी मारुफ अहमद आदि उपस्थित रहे। मेले में कैरियर काउंसलिग विश्वमोहन द्विवेदी एवं के0के0 कुशवाहा, अनु0 द्वारा की गयी। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय प्रबन्धक डॉ0 नागेन्द्र नारायण मिश्र द्वारा किया गया।कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की कम्पनियां कैरियर ब्रीज स्किल साल्यूशन द्वारा 50, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 द्वारा 12, डिजर्व कैरियर केयर प्रा0लि0 द्वारा 69, नेक्सा सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज द्वारा 31, बुसा मैनेजमेंट मार्केटिंग लि0 द्वारा 40 एवं डस्की स्टैलियन कन्सल्टेंसी सर्विस प्रा0लि0 द्वारा 50 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। उक्त मेले में कुल 252 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 529 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।

## प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल होंगे केके यादव



**प्रयागराज।** भारतीय डाक सेवा के अधिकारी कृष्ण कुमार यादव अब प्रयागराज डाक परिक्षेत्र के नए पोस्टमास्टर जनरल होंगे। श्री यादव सम्प्रति वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल हैं और इसके साथ-साथ प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल का अतिरिक्त चार्ज भी देखेंगे। भारतीय डाक सेवा के वर्ष 2001 बैच के अधिकारी श्री कृष्ण कुमार यादव इससे पहले प्रयागराज परिक्षेत्र के निदेशक डाक सेवाएं पद पर फरवरी 2012 से मार्च 2015 तक कार्य कर चुके हैं। प्रयागराज परिक्षेत्र के अधीन प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, मिजार्पुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, अमेठी जनपद शामिल हैं।

**जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर होगा फोकस :** पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों से परिक्षेत्र में डाक सेवाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने सभी से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अधिकाधिक लोगों को जोड़ते हुए स्टाफ से कस्टमर फ्रेंडली एप्रोच अपनाने को कहा। विभिन्न योजनाओं की नियमित मानिटरिंग करते हुए जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कैम्प आयोजित करते हुए वित्तीय समावेशन को बढ़ाने पर जोर दिया।

**प्रकाशित हो चुकी हैं सात पुस्तकें :** कृष्ण कुमार यादव वरिष्ठ हिंदी साहित्यकार, लेखक और ब्लॉगर भी हैं और विभिन्न विधाओं में उनकी सात पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। देश - विदेश में तमाम संस्थाओं द्वारा शताधिक सम्मान भी उन्हें प्राप्त हो चुके हैं। एक कुशल व संवेदनशील प्रशासक के रूप में लोकप्रिय कृष्ण कुमार यादव इससे पूर्व सूरत (गुजरात), लखनऊ, कानपुर, अंडमान -निकोबार द्वीप समूह, प्रयागराज,जोधपुर (राजस्थान), वाराणसी में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकीलों का कार्य बहिष्कार जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर इलाहाबाद हाईकोर्ट समेत प्रदेश भर के अधिवक्ता आज मंगलवार को भी हड़ताल पर रहे। हापुड़ में वकीलों पर हुई लाठीचार्ज के विरोध में वकील लामबंद हैं और लगातार न्यायिक कार्य का विरोध कर रहे हैं। दो दिन पहले रात में वर्चुअल बैठक के जरिए यूपी बार काउंसिल के पदाधिकारियों ने 11 और 12 सितंबर को न्यायिक कार्य का बहिष्कार किए जाने का निर्णय लिया था। वकीलों की मांग है लाठीचार्ज करने और कराने वाले दोषियों के खिलाफ जब तक कार्रवाई नहीं हो जाती है तब तक अधिवक्ता इसी तरह से कार्य बहिष्कार जारी रखेंगे। यूपी बार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ ने कहा है कि यदि आज हमारी मांग नहीं पूरी हुई तो हम रात में 8 बजे बैठक कर अगली रणनीति की तैयारी करेंगे। उम्मीद है कि बुधवार से इलाहाबाद हाईकोर्ट केअधिवक्ता अपने काम पर वापस लौट जाएं।




### 29 सितंबर को सरकार का पुतला जलाएंगे वकील

यूपी बार काउंसिल की ओर से निर्णय लिया गया है कि वह इसके विरोध में लखनऊ के विधानसभा का घेराव करेंगे। अध्यक्ष ने कहा, मुख्यमंत्री से मिलने का हम लोगों ने समय मांगा था लेकिन समय नहीं दिया गया। इससे साफ साबित होता है कि सरकार वकीलों की मांग को नजरअंदाज कर रही है। इसके खिलाफ बार काउंसिल चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने की तैयारी में है। 16 सितंबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों, ट्रेजरी और रजिस्ट्री कार्यालयों पर धरना दिया जाएगा। 22 सितंबर को काला फीता बांधकर काम करेंगे। 29 सितंबर को प्रदेश भर में सरकार का पुतला जलाएंगे। 6 अक्तूबर को मंडलवार और 13 अक्तूबर को बार काउंसिल कार्यालय में प्रदेश के सभी बार संघों के पदाधिकारियों के साथ सम्मेलन होगा। 20 अक्तूबर को प्रदेश भर के अधिवक्ता विधानसभा का घेराव करेंगे।

### जमीनी विवाद में पुलिस के सामने हुई मारपीट हथियार से गोली चलाने का दिखाया रौब

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी में जमीनी विवाद में दो पक्षो आपस मे भीड़ गए। इस दौरान जम कर लात, घुसे लाठी डंडे चले जिसमे दो लोगो को चोट आई है। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से लिखित शिकायत की। पुलिस जांच कर रही है। जौनपुर मछली शहर निवासी शशिकला पत्नी अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को पुलिस से लिखित शिकायत की कि नैका स्थित उसकी जमीन पर कब्जा हो रहा है। आरोप है कि मौके पर पुलिस टीम पहुची तो कब्जा करने वाले ने गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जिसमे अरुण कुमार को सर में चोट आई है। वही दूसरे पक्ष के उस्तापुर महमूदाबाद निवासी कुलदीप भरतीया ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया की अरुण कुमार कुछ लोगों के साथ उसके बाउंड्री के अंदर घुस आया और उसके साथ मारपीट की। दोनों ने एक दूसरे पर असलहा लेकर दौड़ने का भी आरोप लगाया है। पुलिस के सामने हुई मारपीट की घटना चर्चा का विषय बनी है।

# सड़कों एवं रिहाइशी इलाकों में छुट्टा एवं आवारा पशुओं की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के दृष्टिगत मण्डलायुक्त ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत हंडिया व चायल द्वारा छुट्टा पशुओं की संख्या के संबंध में संतोषजनक उत्तर न दे पाने पर उपजिला अधिकारी हंडिया एवं चायल से इस संबंध में आख्या प्रस्तुत करने के दिए निर्देश



**प्रयागराज।** शासन द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में सड़कों एवं रिहाइशी इलाकों में छुट्टा एवं आवारा पशुओं की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं/असुविधाओं को रोकने के दृष्टिगत मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में तहसीलवार समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने प्रत्येक तहसील के अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत से उनकी तहसीलों के छुट्टा / आवारा पशुओं की जानकारी ली तथा सभी पशुओं को पकडकर अस्थायी गोआश्रय स्थलों में स्थानान्तरित करने की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही सभी संबंधित गोआश्रय स्थलों पर आवश्यक सुविधायें, वैक्सिनेशन तथा समुचित गीले एवं हरे चारे की व्यवस्था करने को भी कहा।मण्डलायुक्त ने लापरवाही बरत रहे गो मालिकों का मानक के अनुरूप चालान करने के भी निर्देश दिए तथा अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, हण्डिया एवं चायल द्वारा छुट्टा पशुओं की संख्या के संबंध में संतोषजनक उत्तर न दे पाने पर उप जिलाधिकारी हण्डिया एवं चायल से इस संबंध में आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने चेतावनी देते हुए संबंधित अधिकारियों से कहा कि औचक निरीक्षण के दौरान यदि आदेशों का अनुपालन नहीं पाया गया अथवा उनके द्वारा दिए गए आंकड़ों में भिन्नता पायी गयी तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



### आवारा पशु के डर ने ले ली किसान के बेटे की जान

**लालापुर।** लालापुर सहित अन्य गाँव में आवारा पशु का इतना आतंक हो गया की लोग घर छोड़ कर खेत की तकवारी करने लगे है इस समय किसान भाइयों की ये हालत हो गई की रात हो या दिन खेत की फसल के लिए तकवारी करने के लिए कोई न कोई घर का सदस्य खेत में मौजूद रहता है जिसका नतीजा शारदा की मौत, किसानों को भय पैदा हो गया की कही खेत की रखवाली करते समय आकाशीय विजली हम किसान भाई भी चपेट में न आ जाये। किसानों का कहना की सरकार आवारा पशुओ को लेकर कोई बड़ा कदम लेना होगा नहीं तो बारिश में किसानों के ऊपर आफत कभी भी आ सकती है।

### सांड के मारने से मजदूर की मौत

**जारी।** कौंधियारा थाना अंतर्गत अकोढ़ा बाजार में साड़ के मारने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मंगलवार सुबह 8:00 बजे फूलचंद्र (65) पुत्र परदेसी बाजार की तरफ किसी काम से जा रहे थे। अचानक पीछे से सांड ने फूलचंद्र के ऊपर हमला कर दिया हमले से घायल फूलचंद्र की मौत हो गई मौत से परिवार में कोहराम मच गया। फूलचंद्र के एक लड़का चार लड़की थी। फूलचंद्र की पत्नी और लड़का प्रयागराज में रहकर मजदूरी करके अपना और परिवार का भरण पोषण करते हैं। फूलचंद्र के मृत्यु से परिवार में मातम छाया हुआ है।

### खेत की रखवाली करने गए किशोर पर गिरी आकाशीय बिजली, मौत

**लालापुर।** क्षेत्र के गोइसरा गांव के बाहर खेतों की रखवाली करने गए एक किशोर के ऊपर सोमवार की रात आकाशीय बिजली गिर गई । जिससे किशोर बुरी तरह से झुलस गया और उसकी मौत हो गई । मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोर के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लालापुर थाना क्षेत्र के गोइसरा निवासी राम बाबू का पंद्रह वर्षीय पुत्र शारदा प्रसाद सोमवार की रात आवारा मवेशियों से खेतों की रखवाली करने के लिए छपार डाल के रहता था । इसी बीच गड़गड़ाहट के साथ बारिश शुरू हुई तो शारदा चारपाई लेता हुआ था तभीआकाशीय विजली उसी के पास गिरा जिसकी वजह से चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया मौके पर ही उसकी मौत हो गई । सूचना घर पर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । शारदा कक्षा दस का छात्र था वह तीन बहनों और दो भाइयों में सबसे बड़ा था । माता उर्मिला सहित अन्य परिजनों में कोहराम मचा हुआ है

# बाईका बाग नेता नगर में राधे राधे ग्रुप ने बहाई राधे-राधे नाम की गंगा, महापौर ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भगवान श्री कृष्ण की छठी पर राधे-राधे ग्रुप ने बाईका बाग नेता नगर चौराहा पर श्री कृष्ण भगवान के एक से एक बढ़कर भजन गाकर लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। हर भजन पर लोग भक्ति रस में सराबोर रहे। भजन के धुन पर लोग थीरकते रहे। भजन सुनने के लिए काफी संख्या में लोगों की भीड़ लगी रही। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक सूर्य प्रकाश दुबे और उनके साथी कलाकारों को महापौर गणेश केसरवानी ने सम्मानित किया । इस अवसर पर शहर उत्तरी विधायक हर्ष वर्धन बाजपेई पार्षद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे । आपको बताते चलें कि सूर्य प्रकाश दुबे प्रयागराज के रहने वाले हैं वह विगत 20 वर्षो से मुंबई में रहकर पूरे दुनिया में प्रयागराज की



महिमा का बखान कर रहे हैं। उनके द्वारा अभी तक टी सीरीज से 200 से अधिक भजन रिलीज हो चुके हैं। मुंबई माया नगरी में रहकर भी सूर्य जी को गंगा यमुना संगम की तहजीब अच्छे से पता है। सूर्या ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी । जैसे...,श्री कृष्ण गोविन हरे मुरारी हे नाथ नारायण,मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है।लगन तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जायेगा ,इत्यादि भजनों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्र मुक्त करते रहे ।वही साथी कलाकारों ने जम के उनका साथ दिया । स गायिका पूजा,शुभा ने भी बहुत सारी भजनों की प्रतुतिया दी। भगवान श्री कृष्ण की भजनों की हर किसी ने जमकर प्रशंसा की।

## न्यूज झरोखा

### मीरापुर मंडल में भाजपाइयों ने अमृत कलश यात्रा के द्वारा घरों से इकड्ढा किए मिट्टी और चावल




**प्रयागराज।** मीरापुर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मीरापुर मंडल के करेलाबाग वार्ड, मीरापुर वार्ड एवम सदियापुर वार्ड में अमृत कलश यात्रा निकाली गई जिसमें करेलाबाग में मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज सांसद रीता बहुगुणा जोशी एवम सदियापुर और मीरापुर वार्ड में मुख्य अथिति के रूप में पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता उपस्थित रहीं। अमृत कलश में स्थानीय नागरिकों के घरों से मिट्टी व चावल इकड्ढा किया गया जिसमे लोगों ने उत्साहपूर्वक अपने घरों से चावल और मिट्टी कलश में डाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रणविजय सिंह ने किया।

### नैनी के एडीए कालोनी में पीडीए ने अवैध निर्माण ढहाया



**नैनी।** नैनी एडीए कॉलोनी में मंगलवार को प्रयगराज विकास प्राथिकरण ने कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। नैनी आवास योजना के पास स्थिति चक बबुरा अलिमाबाद में पीडीए की कब्जा प्राप्त भूमि पर बने निर्माण को गिराया गया। इसके साथ ही एक बाउंड्रीवाल को भी गिराया गया। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के जोनल अधिकारी के नेतृत्व में मंगलवार को यह अभियान चलाया गया।

# महापौर व नगर आयुक्त ने नगर निगम सदन की बैठक में त्योहारों व योजनाओं की दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** त्योहारो के दृष्टिगत नगर निगम सदन की बैठक तथा चन्द्रयान 3 मिशन की प्रशंसा व प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभ को महापौर ने मंगलवार को नगर निगम सदन की बैठक में बताया। बैठक की अध्यक्षता महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी तथा नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा की गयी जिसमें निम्नांकित संकल्प पारित किया गया । प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत हस्तशिल्पियों एवं छोटे कारीगरों के प्रोत्साहन हेतु नगर निगम सदन हॉल में बैठक के दौरान महापौर उमेश चन्द्र गणेश चन्द्र केसरवानी द्वारा पी.एम विश्वकर्मा योजना के सम्बन्ध में बताया गया कि सभी पार्षदगण अपने-अपने क्षेत्रों के बढ़ई, नाव निमार्ता, लोहार, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाला, मरम्मतकार, मूर्तिकार, सुनार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी/चटाई/क्वॉचर बुनकर/झाडू बनाने वाले, नाई, माली, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बुनने वाले आदि भारत सरकार द्वारा जारी पोर्टल पर ऑन लाइन आवेदन अप्लाई करते हुए प्रशिक्षण




प्राप्त करके टूल किट प्राप्त कर सकते है। उसके उपरान्त लघु उद्योगों को विकसित करने के लिए भारत सरकार की ओर से अनुदान तथा ऋण की सहायता से सशक्त बन सकते है। शहर के 80 प्रतिशत हाईमास्ट लाईटें रिलान्इस कम्पनी द्वारा सन 2018 में स्थापना का कार्य किया गया है जो कि बुझी हुई है इसी कम्पनी के द्वारा 5 से 6 वर्षो का संरक्षण कार्य किया जाना है। लाईटों के अनुरक्षण कार्य हेतु रिलान्इस के प्रतिनिधि से वार्ता के उपरान्त अनुरक्षण कार्य हेतु निगम द्वारा पत्र जारी किया गया है। सभी पार्षदो को आवंटित 10-10 लाईटे आगामी त्योहारों के पूर्व लगायी जाएं। विस्तारित क्षेत्रों में भी स्ट्रीट लाईटों के प्रज्वलन तथा अनुरक्षण कार्य, विद्युत कमेटी के अधिकारियों के साथ निरन्तर बैठक कर समीक्षा की जाए। चन्द्रयान-3 की सफल लैन्डिंग पर महापौर ने इस मिशन की प्रशंसा करते हुए कहा की देश की जनता एवं प्रत्येक भारतीयों के लिए यह एक गौरव का विषय है। अन्य देशों के मुकाबले कम खर्चे में इस मिशन को सफल किया जाना एवं भारत चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुॅचने वाला विश्व का पहला देश बना। भारत के वैज्ञानिक की इस सफलता की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है पूरे विश्वभर में आज भारतवर्ष का नाम विश्वगुरू के रूप में गूंज रहा है। इसी क्रम में पार्षदों सर्व मुकेश कसेरा, शिवसेवक सिंह, किरन जायसवाल, अजय यादव, कुसुमलता जायसवाल, मंयक यादव, प्रेम शंकर यादव, उमेश मिश्रा, नेम यादव, आरती मौर्या, सोनिका अग्रवाल, आनन्द घिडियाल, भोला तिवारी, राजू शुक्ला द्वारा ने भी प्रधानमंत्री जी को तथा भारत के वैज्ञानिकों के इस कार्य के प्रति प्रशंसा करते हुए सराहना की गयी एवं ढेरों शुभकामनाएं दी गयी।नगर निगम प्रयागराज में स्वीकृत 17 पदों के सापेक्ष 10 कार्यरत अवर अभियन्ता द्वारा निर्माण कार्यो में कमी के दृष्टिगत आगामी कुम्भ मेला तक अन्य अवर अभियन्ताओं की तैनाती के लिए शासन को प्रस्ताव प्रेषित किये जाने का संकल्प लिया गया।चौक क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण गन्दा पानी नलों में आ रहा जिसकी जॉच कराये जाने के निर्देश महापौर द्वारा महाप्रबन्धक जलकल को दिये गये। साथ ही चौक क्षेत्र में लोकनाथ चौराहे पर रात्रिकालीन सफाई कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये।पार्षद श्रीमती दीपू देवी नीम सरांय मुण्डेरा चुंगी पर निगम की कई दुकाने पूरी तरह से अवैध लोगो द्वारा कब्जा करते हुए अराजक तत्वों का जमावडा तथा कूडा कचरा आदि से व्याप्त रहता है उक्त दुकानों को पुर्नउद्धार कराये जाने के निर्देश दिये गये।महापौर द्वारा कहा गया कि विस्तारित क्षेत्र के 28 नये वार्डो में जलापूर्ति हेतु निरीक्षण कराकर हैण्ड पम्पों को री बोर कराया जाए। साथ ही एक सप्ताह के अन्दर ही सफाई कर्मचारियों की आपूर्ति ससमय करा दी जाए जिससें की सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जी0वी0पी0 प्वांइन्ट को समाप्त करते हुए सफाई कार्य नियमित कराया जाए। सीवर ओवरफ्लो तथा सीवर चोक सम्बन्धी समस्याओं को तत्काल ही टीम बनाकर सफाई कार्य कराया जाए। सम्पूर्ण मेला रूट पर पैच वर्क, डामर वर्क तथा पुलिया मरम्मत आदि का कार्य ससमय कराया जाए। मार्ग प्रकाश लाइटों के सभी प्वांइन्ट को चेक करा कर प्रज्जवलित कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।


## आवश्यकता है

एम0वी0आर0 डिग्री कालेज
कसिया, सिराथू, कौशाम्बी।
स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर
**विज्ञान संकाय** (बी0एस0सी0-कुल तीन (03) पद
(विषय-जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित एक-एक पद)
**कला संकाय** (बी0ए0)-कुल चार (04) पद
(विषय - हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, इतिहास एक-एक पद)
प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।
योग्यता विश्वविद्यालय एवं यू0जी0सी0 के नियमानुसार
वेतनमान यू0जी0सी0 के मानकानुसार
विज्ञापन के प्रकाशन के 07 दिन के अंदर
समस्त स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों एवं फोटो
महाविद्यालय कार्यालय को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें।

**वाचस्पति प्रबन्धक**
एम0वी0आर0 डिग्री कालेज सिराथू-212201
Email-mvrdegreec@gmail.com
Mobile-7518011099, 8299213252

## लो बोल्टेज के चलते परेशान है ग्रामीण, निदान की उठाई मांग

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अघोषित विद्युत कटौती के साथ ही लो बोल्टेज के चलते लालगंज के कैथौला गांव के ग्रामीण परेशान व हलाकान है। ग्रामीणों का कहना है कि एकतरफ बिजली के आने जाने का कोई रोस्टर नहीं रह गया है। वही दूसरी ओर जब बिजली आती है तो लो बोल्टेज के चलते समस्या बनी रहती है। बोल्टेज लो रहने से फ्रिज, वाशिंग मशीन, कूलर व पंखे काम नही कर रहे हैं। इससे घरेलू कामकाज के साथ ही व्यापारिक कार्य भी प्रभावित हो रहा है। गांव के शिवपूजन, शान्तीलाल, शिवराम वैश्य, शिवकुमार, कल्लू सोनी, माता प्रसाद गुप्ता आदि ने लो बोल्टेज की समस्या के शीघ्र समाधान कराए जाने की मांग उठाई है।

# चन्द्रयान की सफलता पर नगरपालिका की बैठक में वैज्ञानिको और प्रधानमंत्री को प्रस्ताव भेजने का निर्णय

## सस्ते दर पर उपलब्ध होगा एयरकंडिशन तुलसी सदन हाल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका बोर्ड की बैठक आज नगरपालिका के सभागार में अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें सबसे पहले पिछले 23 जून की बैठक के पुष्ट के बाद जून, जुलाई और अगस्त के आय व्यय की समीक्षा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से चन्द्रयान की सफलता पर इसरो के वैज्ञानिको को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्पो का परिणाम बताया गया। एक प्रस्ताव पास कर वैज्ञानिको और प्रधानमंत्री को यह प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके अलावा तुलसीसदन (हादीहाल) में एयरकंडिशन लग जाने के बाद इसकी मांग की अधिकता को देखते हुए नगर पालिका ने शादी व्याह के लिए तीस हजार अन्य आयोजनो के लिए पन्द्रह हजार तथा छोटी बैठक के लिए दस हजार शुल्क निर्धारित किया गया। इसके अलावा शहर की प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत नगर में उपलब्ध हाइड्रोलिक सीढ़ी की मरम्मत कराने का निर्णय लिया गया। इस अवसर नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की कार्य कुशलता से देश का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है। इसके अलावा उन्होने कहा कि नागरिको को सस्ते दर पर अब वातानुकूलित हाल उपलब्ध रहेगा। बैठक में अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील के अलावा सभासदो में धर्मशील शुक्ल, उदय, आशीष तथा पूर्व सभासद ज्ञानेश मिश्र मौजूद रहे। ?



नगर पालिका बोर्ड की बैठक को सम्बोधित करते अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

## टीकाकरण के प्रति हमे जागरूक रहना होगाः डा. अनीता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पीजी कालेज महाविद्यालय के प्रेक्षाग्रह में आज इन्टेसीफाइड मिशन इन्द्रधनुष के तहत छात्राओ को विभिन्न प्रकार से होने वाले टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस बारे में डा. अनीता पाण्डेय ने बताया कि हमे टीकाकरण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। विशेष रूप से जो महिलाएं गर्भवती है उन्हे इस बात की अवश्य जानकारी होनी चाहिए गर्भावस्था के दौरान जितनी जल्दी हो सके टिकेनेस व डिप्थिरिया का टीका लगवाना चाहिए और उसकी दूसरी खुराक चार सप्ताह बाद लेनी चाहिए। बच्चे के जन्म होने के बाद हेपेटाइटिस बी, टिकनेस, डायरिया, रूबैला, खसरा, पोलियो आदि टीकाकरण अवश्य लेना चाहिए। आज हमारे पास पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं है इसका लाभ लेते हुए हमारे आने वाली पीढ़ी को रोगरहित बनाने हेतु इन सभी टीको का टीकाकरण बहुत जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा इन्टेसीफाइड मिशन इन्द्रधनुष का कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवायोजन के कार्यक्रम अधिकारी डा. सरिता सिंह, अजमत अली, राहुल मिश्र ने भी अपना विचार रखा। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डा. अवधेश कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष बीएड विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त छात्राओ ने मानव श्रृंखला बनाकर कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय, तृतीय इकाई की छात्राओ ने प्रतिभाग किया। यह जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्या डा. नीलिमा श्रीवास्तव ने दी।



छात्राओ को सम्बोधित करती डा. अनीता।

# परियावां पाईकगंज बाजार मे बज बजा रही नाली की हुई साफ सफाई

### सड़क पर बदबू गंदा पानी भरा रहने से हो रही थी दिक्कत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के पाईकगंज बाजार मे माता मैया देबी मंदिर के गेट के पास सड़क के पटरी पर दोनो तरफ नाली एक चोक हो जाने से सड़क पर पानी भर गया था जिससे वारिश का भी पानी नही निकल पा रहा था मामला सज्ञान मे आने पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष कुमार शुक्ला ने न्याय पंचायत परियावां की 10 सफाई कर्मियों की टीम मौके पर भेजी और ग्राम पंचायत परसई का मामला होने के कारण ग्राम प्रधान विकास कुमार सोनकर (पप्पू) को मौके पर भेजा। सफाई कर्मियों ने बड़ी मशक्कत से चोक पड़ी नाली की सफाई किया जिससे सड़क पर रुका हुआ पानी नाली के रास्ते से बहने लगा जिससे ब्यापारियों को बड़ी राहत मिली और सफाई कर्मी के साथ ग्राम प्रधान व एडीओ पंचायत के प्रति आभार जताया।सफाई कर्मी की टीम मे नन्दलाल,रामकैलाश, नन्हे,अशोक यादव, दिनेश पटेल, फूलचंद ,सदाशिव,दिनेश गुप्ता , राजनारायन आदि लोग रहे



पाईकगंज बाजार में सफाई करते सफाईकर्मी।

## पांच आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट व धमकी की घटना को लेकर लीलापुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थानान्तर्गत पड़वासी गांव की पार्वती देवी पत्नी राजकुमार गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तीस अगस्त की शाम करीब पांच बजे वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। आरोप है कि इसी बीच पडोसी नीरज व रंजीत तथा अभिषेक दो अज्ञात लोगों के साथ वहां पहुंचे और उसके घर के सामने टिन शेड लगाने लगे। विरोध करने पर पीड़िता व उसकी देवरानी मंजू देवी को मारापीटा व गाली देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। एसओ सुभाष यादव का कहना है कि घटना की जांच के बाद पांच लोगों के खिलाफ मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आईटीआई में कैम्पस इण्टरव्यू का आयोजन 14 सितम्बर को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आई0टी0आई0 के नोडल प्रधानाचार्य बी0बी0 सिंह ने बताया है कि टाटा मोटर्स साणंद के अन्तर्गत मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक मैकेनिक से सम्बन्धित (केवल दो वर्षीय पाठ्यक्रम) व्यवसायों के आई0टी0आई0 उत्तीर्ण कर चुके प्रशिक्षार्थी/प्रशिक्षार्थिनियों की आवश्यकता है। कैम्पस इण्टरव्यू आईटीआई प्रतापगढ़ के परिसर में दिनांक 14 सितम्बर 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे को होना निश्चित हुआ है। इस कैम्पस सेलेक्शन में 18 से 23 वर्ष तक के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते है। रोजगार पढ़ाई के साथ कमाई के अन्तर्गत प्रशिक्षण के दौरान कम्पनी 12850 रुपए भुगतान करेगी, जिसमें 50 रुपए कैन्टीन तथा 200 रुपए यातायात की कटौती की जायेगी। छः माह के उपरान्त 15 हजार रुपए की छात्रवृत्ति सुयोग्य प्रशिक्षार्थियों को मिल सकता हैं। विस्तृत जानकारी के लिये संस्थान के कैम्पस सेल के नोटिस बोर्ड का अवलोकन करें एवं अन्य जानकारी हेतु कैम्पस प्रभारी उर्मिला पाल से सम्पर्क कर सकते है।

## जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन 14 सितम्बर को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में दिनांक 14 सितम्बर 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र के संस्थान एल एण्ड टी कन्स्ट्रक्शन स्किल्स इन्सीट्यूट अहमदाबाद (गुजरात) द्वारा निर्माण क्षेत्र में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। नियोजक द्वारा जो योग्यता एवं मापदण्ड निर्धारित किया गया है उसमें उम्र 18 से 35 साल, ऊँचाई 155 सेमी0 तथा शैक्षिक योग्यता-12वीं तक या आईटीआई होल्डर (फिटर, कारपेन्टर, वेल्डर, मेसन) होना चाहिये। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन आईडी एवं पासवर्ड, मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है।

## सफाई नहीं होने से नहर बनी जंगल, किसान चिंतित

**पट्टी।** नहर में पानी न होने से किसान चिंतित हो रहे हैं। नहर की सफाई न होने से नहर का पानी किसानों के खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा है। विभाग की अधिकारियों को सूचना देने के बाद महकमा उदासीन बना हुआ है। पानी खेतो तक नही पहुंचने के कारण किसान परेशान है। पट्टी तहसील क्षेत्र से शारदा सहायक खंड 36 होकर गुजरी है। उससे जुड़ी हुई पहलमापुर माइनर जो उपाध्यायपुर, सपहा ,पिपरी, ढाढर भाटीकला, दुकरा ,डाही से दफरा होते हुए आगे निकल जाती है । ग्रामीणों का कहना है कि नहर की साफ सफाई न होने से पानी किसी तरह ढांढर तक पहुंच जाता है लेकिन भाटीकला दुकरा , डाही और दफरा तक पानी बिल्कुल भी नहीं पहुंच पाता है । नहर पूरी तरीके से जंगल में तब्दील हो चुकी है । नहर की साफ-सफाई न होने के कारण किसान परेशान हैं। भाटीकला गांव के रहने वाले किसान मनोज कुमार वर्मा का कहना है कि इस समय किसानों को पानी की सख्त आवश्यकता है । बरसात न होने के कारण किसान परेशान है वहीं कई किसान नहर के पानी पर ही आश्रित रहते हैं , लेकिन सूखी हुई नहरे जंगल में तब्दील हो गई है जिसके कारण पानी नहीं पहुंच पा रहा है गांव के रहने वाले रामदीन यादव, मातादीन वर्मा, रंजीत यादव, अशोक वर्मा ,रामकुमार वर्मा, महेंद्र वर्मा ,उमाशंकर पांडे, चंद्रभान यादव आदि लोगों का कहना है कि नहर किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए बनाई गई है लेकिन झाड़ झंखार के कारण जंगल में तब्दील हो गई है।

# हाइवे के कोटरा बहादुर गंज मोड़ पर ग्रामीणो ने किया चक्का जाम

## परिजनों व ग्रामीणो ने लड़की का शव सड़क पर रखकर हाइवे किया जाम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावा प्रतापगढ़।** जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र से सटे गांव सीमावर्ती थाना ऊंचाहार के कोटरा बहादुर गंज गांव मे सोमवार को घर के अंदर आँचल पुत्री चंदन मौर्य(20)वर्षीय ने गांव के युवक शुभम से किसी बात को लेकर सोमवार को कहा सुनी हुई थी जिस पर शुभम व दो अन्य लोगो ने आँचल को मारा पीटा था जिससे दुखी होकर किशोरी ने उसी दिन देर रात अपने घर के अंदर साड़ी से फांसी लगाकर इहलीला समाप्त कर ली किशोरी के उठाये गये इस घातक कदम से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक आंचल मौर्य की 28 नवम्बर घर भाव कुचरिया रायबरेली से शादी होने वाली थी। घटना की जानकारी मिलते ही ऊंचाहार पुलिस मृतक के घर पहुंची और शव की लिखा पढ़ी करके पीएम के लिए थाना ले जाने की तैयारी कर रही थी कि आक्रोशित

### नवाबगंज व ऊंचाहार पुलिस की मशक्कत के बाद परिजनों ने पुलिस को दिया शव

परिजनों व ग्रामीणो ने पुलिस को शव देने से इंकार करते हुए लखनऊ प्रयागराज हाइवे पर कोटरा बहादुर

**ग्रामीणो ने लगभग 30 मिनट तक सड़क जाम रखा परिजनों व ग्रामीणो का कहना था कि आरोपी युवक शुभम यादव को मेरे सामने लाओ जिसके कारण आँचल ने आत्म हत्या करने पर विवश हुई सड़क के दोनो तरफ वाहनों की लम्बी लाइन लग थी ऊंचाहार पुलिस ने परिजनों को बताया कि आरोपी युवक शुभम को गिरफ्तार कर लिया गया है।**

गंज मोड़ पर शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। शव को सड़क पर रखते ही पुलिस मोहकमे मे हड़कम मच गया सड़क जाम की सूचना मिलते ही नवाबगंज पुलिस व ऊंचाहार थाना प्रभारी अपने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँचे ग्रामीणो ने लगभग 30 मिनट तक सड़क जाम रखा परिजनों व ग्रामीणो का कहना था कि आरोपी युवक शुभम यादव को मेरे सामने लाओ जिसके कारण आँचल ने आत्म हत्या करने पर विवश हुई सड़क के दोनो तरफ वाहनों की लम्बी लाइन लग थी ऊंचाहार पुलिस ने परिजनों को बताया कि आरोपी युवक शुभम को गिरफ्तार कर लिया गया है परिजनों को विश्वास होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को दे दिया शव मिलने के बाद सड़क जाम खत्म होने पर नवाबगंज व ऊंचाहार पुलिस ने राहत की सांस ली मृतक के परिजन विजनेश मौर्या की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जाँच मे जुटी हुई है शव को पीएम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया।

# प्रत्येक कक्षा 6 से 10 तक के 5 विद्यार्थियों का पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ सरदार सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में माध्यमिक शिक्षा विभाग के समस्त विकास खंड नोडल अधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई.जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी विकास खंड नोडल अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजनांतर्गत प्रत्येक विद्यालय कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के 5 विद्यार्थियों का पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाना है.वर्तमान में जनपद की पोर्टल पर पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या न्यून है.इसलिए सभी विकास खंड नोडल अधिकारी संबंधित विकास खंड के माध्यमिक विद्यालयों से निर्धारित संख्या में विद्यार्थियों का पंजीकरण का कार्य 30.09.2023 के पहले पूर्ण करालें. इसी प्रकार राष्ट्रीय आय एवम् योग्यता आधारित छात्रवृत्ति में अर्ह विद्यार्थियों की संख्या न्यून है.इसमें ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 18.09.2023 है.निर्धारित तिथि के पूर्व अर्ह विद्यार्थियों का पंजीकरण कराने हेतु समस्त विकास खंड नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस अवसर पर एडीआईओएस एसपी द्विवेदी, प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह, विकास खंड नोडल अधिकारियों में डॉ सालिकराम प्रजापति,सिद्धार्थ कुमार श्रीवास्तव,ओम शिवेंद्र सिंह, अनिल कुमार निलय, प्रमोद कुमार गुप्ता, बबलू कुमार, केके पांडेय, बीएल वर्मा आदि उपस्थित रहे।



माध्यमिक शिक्षक के नोडल अधिकारियो को सम्बोधित करते जिला विद्यालय निरीक्षक।

# कलेक्ट्रेट कचहरी में विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लागू करने तथा हापुड़ में साथी वकीलों पर लाठीचार्ज के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन ने मंगलवार को कचेहरी में हुंकार भरी। कचेहरी परिसर में एसोशिएसन के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा की अगुवाई में वकीलो ने नारेबाजी कर जोरदार विरोध जताया। एसोशिएसन की आम सभा में हापुड़ में पुलिस लाठीचार्ज को लेकर अभी तक सरकार द्वारा वहां के डीएम एसपी के तबादले न करने को लेकर भी आक्रोश दिखा। वहीं जिले के डीएम के द्वारा भी एसोशिएसन का राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन न लेने को लेकर सर्वसम्मत से डीएम के आचरण को लोक आचरण के विपरीत करार देते हुए निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया। ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जिले के डीएम के द्वारा भी हडताल की आड़ में कचहरी से किनारा कसने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए जिला प्रशासन पर असंवेदनशीलता का आरोप मढ़ा। अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा ने कहा कि अधिवक्ता हितों के साथ खिलवाड करने वालों को इस आंदोलन के जरिए मुंहतोड़ जबाब मिलेगा। जूनियर बार के पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र ने कहा कि हापुड़ में लाठीचार्ज तथा लखनऊ में वकीलो पर पुलिस द्वारा फर्जी केस को लेकर सरकार की खामोशी चिंताजनक है। संचालन एसोशिएसन के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया। आम सभा में जिले के डीएम को लेकर भी अधिवक्ताओं मे आक्रोश देखा गया। मंगलवार को भी वकीलों ने डीएम को ज्ञापन देने की सूचना कैम्प कार्यालय भेजवायी। वहां से डीएम की व्यस्तता बताते हुए किसी अधिकारी को ज्ञापन के लिए भेजवाये जाने की बात कही गयी। हालांकि इस प्रस्ताव को रूरल बार के पदाधिकारियों ने सिरे से खारिज कर दिया। आमसभा को विनय सिंह, आशीष श्रीवास्तव, दिवाकर सिंह, बालजी ओझा, प्रशांत सिंह बंटी ने भी संबोधित कर सरकार पर वकीलों के उत्पीड़न में खामोशी का आरोप लगाया। इस मौके पर शिवम सिंह, अश्विनी सिंह, गौरव सिंह, राहुल गुप्ता, संजय पाण्डेय, अवनीश शुक्ल, अमित दुबे, गणेश सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते अधिवक्ता।

# टाईनी शाखा संचालक को घायल कर डेढ़ लाख लूटे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़ कटरा गुलाब सिंह।** जेठवारा कोतवाली क्षेत्र के हारी का पुरवा गांव में मंगलवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे बाइक सवार बदमाशों ने बैंक टाईनी शाखा के संचालक विवेक रंजन त्रिपाठी को असलहे की बट से मार कर चोटहिल कर दिया और रूपयों से भरा थैला छीन कर भाग गये। घटना की सूचना मिलते ही चैकी के सिपाही मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल पहुंचाए व लुटेरों की तलाश में जुट गए ।

थाना क्षेत्र के नूरपुर,चमरूपुर पठान गांव के निवासी विवेक रंजन त्रिपाठी ग्रामीण बैंक द्वारा सरायदेवराय गांव के लिए अधिकृत ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन कटरा गुलाब सिंह बाजार में करते हैं ।

बताते हैं कि मंगलवार ,12 सितंबर की सुबह करीब साढ़े नौ बजे विवेक रंजन अपने घर से टाईनी शाखा कटरा गुलाब सिंह जा रहे थे। घर से पांच सौ मीटर दूर हारी का पुरवा चैराहे के पास अपाचे बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोका और असलहे के बट से सिर पर मारकर घायल कर दिया और उनसे रूपयों का थैला लेकर भाग निकले। बैग में एक लैपटाप और डेढ़ लाख रुपए नकद बताएं जा रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही जेठवारा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल विवेक रंजन त्रिपाठी को स्थानीय चिकित्सालय ले गई। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर पुलिस की अलग-अलग टीमें अपराधियो की तलाश में जुट गईं हैं। नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह में बैंक शाखा प्रबंधको की मिली भगत से कस्बे में संचालित हो रहीं विभिन्न बैंकों की आधा दर्जन टाईनी शाखाएं उनको आवंटित गांवो के बजाय कटरा गुलाब सिंह बाजार में ही संचालित की जा रही हैं। जहां सुरक्षा के लिए निर्धारित मानकों की अनदेखी हो रही है। टाईनी संचालकों की लापरवाही के कारण भी लूट की घटनाएं होती हैं।

## आटा चक्की पर सो रहे हत्या के मामला का हुआ खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विगत 09 सितम्बर रात्रि में थाना क्षेत्र संग्रामगढ़ के ग्राम बंधवा, विजईमऊ में आटा चक्की पर सो रहे एक व्यक्ति के सिर पर पत्थर से हमला कर हत्या कर दी गयी थी। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना संग्रामगढ़ में मु0अ0सं0 204/2023 धारा 147, 302, 506 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था । जिसका आज पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खुलासा किया गया। इसमें मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। और उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त सामान बरामद हो गए। इस गिरफ्तार में प्रभारी निरीक्षक इन्द्रदेव मय हमराह उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार व उ0नि0 अमित सिंह थाना संग्रामगढ़ रहे।

### खबर संक्षेप

## एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आज

**कौशाम्बी।** शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त प्रयास से दिनांक 13 सितम्बर 2023 को राजकीय आईटीआई, मंझनपुर पुलिस लाइन के सामने के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां के माध्यम से आईटीआई/नॉनआईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेंगी। इस रोजगार मेले में न्यूनतम् हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकतें हैं। अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट पर प्राप्त कर सकतें हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति/ रिज्यूम के साथ प्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग कर सकतें हैं।

# पुलिस को देख लुटेरों ने शुरू की फायरिंग पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो लुटेरे घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चार लुटेरों को गिरफ्तार कर पुलिस ने बरामद किया सोने चांदी के जेवर व अन्य सामान**



**कौशाम्बी।** चरवा थाना पुलिस और एसओजी पुलिस को देखकर मंगलवार की भोर लुटेरे गैंग के लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी बचाव में पुलिस ने भी फायरिंग शुरू की पुलिस की फायरिंग से दो लुटेरे घायल हो गए हैं पुलिस ने घायल दोनों लुटेरों के साथ दो अन्य लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है घायलों को इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया है पकड़े गए लुटेरों के कब्जे से पुलिस ने लूटे गए सोने चांदी के जेवर मोबाइल बैग सहित अन्य सामान बरामद किया है चार दिन पूर्व चरवा थाना क्षेत्र के टीका के पूरा स्थित बाग में सर्राफा व्यापारी अनूप सोनी पुत्र मुन्नीलाल सोनी निवासी समसपुर से लूट की घटना में चारों लुटेरे शामिल थे लूट की रकम का हिस्सा बंटवारा करने के लिए रात में लुटेरे एकत्रित हुए थे जहां पुलिस को देखकर बदमाशो ने फायरिंग शुरू कर दी थी एसओजी प्रभारी की बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लगी है और चरवा थाना प्रभारी को छूते हुए गोली निकल गई है। हालांकि इसमें कोई पुलिस वाले घायल नही हुए है लुटेरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपए के इनाम से पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कृत किया है पकड़े गए लुटेरों का कई थाना क्षेत्र में पूर्व से हत्या प्राण घातक हमला लूट चोरी विस्फोटक अधिनियम रेप सहित विभिन्न गंभीर अपराधों में लंबा आपराधिक इतिहास है लूट की घटना के खुलासे में सीसीटीवी कैमरे और ऑपरेशन त्रिनेत्र ने पुलिस की मदद की है। घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना पुलिस को जानकारी मिली कि लूट की रकम के हिस्से बंटवारे के लिए बदमाश एकत्रित हैं पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी चरवा थाना क्षेत्र के गुंगवा बाग के पास एसओजी प्रभारी सिद्धार्थ सिंह और चरवा थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह वा अन्य पुलिसकर्मियों की बदमाशो के साथ मुठभेड़ हो गयी बदमाशों की फायरिंग के बाद पुलिस ने आत्मरक्षार्थ गोली चलाना शुरू किया मुठभेड़ में विजय सोनी निवासी रीवा मध्य प्रदेश के हाथ एवम आशीष निषाद निवासी तेलियरगंज प्रयागराज के पैर में गोली लग गयी। वही सूरज पासी निवासी समसपुर चरवा और राहुल पासी गोलमवा पूरामुफ्ती सहित 4 बदमाशो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। सरार्फा ब्यवसाई से लूट की घटना में अहम भूमिका गांव के अपराधी ने निभाई है। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चार दिन पूर्व एक सरार्फा व्यापारी से लूट की घटना हुई थी। जिसमे शामिल बदमाश माल के बंटवारे के लिए एक बाग में एकत्रित हुए थे। सूचना पर एसओजी और थाना पुलिस की टीम ने घेराबंदी की पुलिस को देखकर बदमाशो ने फायरिंग शुरू कर दी जहाँ जवाबी फायरिंग में दो बदमाशो को गोली लगी है। लूट की घटना में शामिल अन्य दो लोगो को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इन बदमाशो के पास से लूट का समान सोने चांदी के आभूषण मोबाइल बैग और रुपया एवम इलेक्ट्रानिक तौल मशीन बरामद किया गया है। बदमाशो के पास से अवैध तमंचा और भारी मात्रा में कारतूस भी बरामद किया गया है। घायल बदमाशो को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनका इलाज कराने के बाद आगे की विधि कार्यवाई की जायेगी।

# अधिवक्ताओं को न्याय ना मिलने तक आमरण अनशन की पूर्व अध्यक्ष ने की घोषणा

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** हापुड़ जनपद के अधिवक्ताओं पर पुलिसिया बर्बरता के बाद अधिवक्ताओं को न्याय न मिलने से मॉडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन कौशांबी के पूर्व अध्यक्ष नर नारायण मिश्र ने कहा है कि यदि हापुड़ जनपद के अधिवक्ताओं के साथ हुई घटना में न्याय नहीं मिलता तो 14 सितंबर से वह आमरण अनशन करेंगे उनका कहना है कि जब तक हापुड़ जनपद के अधिवक्ताओं को न्याय नहीं मिलता तब तक उनका आमरण अनशन चलता रहेगा उन्हें परिणाम की चिंता नहीं है। कचहरी परिसर स्थित लाइब्रेरी हाल में बैठक की अध्यक्षता मॉडल डिस्ट्रिक बार एशोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल ने किया बैठक करते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि हापुड़ जनपद में निहत्थे बेकसूर अधिवक्ताओं पर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक लाठियां बरसाई हैं इसके विरोध में पूरे उत्तर प्रदेश का अधिवक्ता 28 अगस्त से 5 सूत्रीय मांग पत्र सौपते हुए लगातार न्यायिक कार्य से बिरत रहकर न्याय की मांग कर रहे हैं न्यायिक कार्य से बिरत रहने के बाद आज तक सरकार और प्रशासन द्वारा दोषी कर्मचारियों अधिकारियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है वरिष्ठ अधिवक्ता कौशांबी मॉडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नर नारायण मिश्र ने कहां है कि यदि हापुड़ जनपद के अधिवक्ताओं को न्याय नहीं मिलता तो उन्होंने घोषणा की है कि 14 सितंबर से जनपद न्यायालय परिषर कौशाम्बी में आमरण अनशन पर बैठेंगे। अधिवक्ताओं की सभा में नर नारायण मिश्र एडवोकेट ने आमरण अनशन की घोषणा करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश को ज्ञापन की काफी सौंप दी है इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अध्यक्ष ऑल इंडिया बार काउंसिल और अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बार काउंसिल जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन की कॉपी भेज दी है इस मौके पर अध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष मनु देव त्रिपाठी सहित भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# प्रयागराज के सम्मेलन में कौशांबी की दो बेटियां हुई सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**पीसीएसजे की सफलता प्राप्त करने वाली केशरवानी समाज की दोनों बेटियों को सम्मानित कर उनके परिजनों को दी गई बधाई**



**मनौरी कौशाम्बी।** अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य समाज का महा सम्मेलन रविवार को राजर्षि टंडन मंडपम हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयागराज में आयोजित था जहां केशरवानी समाज के तमाम दिग्गज उपस्थित रहे अखिल भारतीय केसरवानी बैश्य समाज के इस महासम्मेलन में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी नगर निगम के महापौर गणेश केसरवानी राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण मोहन गुप्ता समेत तमाम दिग्गजों ने केशरवानी समाज के महासम्मेलन को संबोधित किया पीसीएसजे की सफलता प्राप्त करने वाली कौशांबी की दो बेटियों को इस महासम्मेलन में सम्मानित किया गया।

बताते चलें कि मनौरी बाजार की ऋचा केसरवानी और सिराथू कस्बे की जागृति केसरवानी ने पीसीएस जे की परीक्षा पास कर ली है और जज बनने का दोनों बेटियों का रास्ता साफ हो गया है इस बात की जानकारी जैसे ही अखिल भारतीय केसवानी बैश्य समाज के लोगों को हुई समाज के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कौशाम्बी की दोनों बेटियों के कठिन परिश्रम से केशरवानी समाज का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है महासम्मेलन में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नदी महापौर गणेश केसरवानी राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण मोहन गुप्ता राष्ट्रीय महामंत्री सुभाष केसरवानी विजय केसरवानी सुमन केसरवानी अशोक केसरवानी बैजनाथ केसरवानी विजय केसरवानी राज केसरवानी संतोष केसरवानी कमल किशोर केसरवानी ज्ञान चंद्र केसरवानी शालिनी केसरवानी सतीश केसरवानी अर्चना केसरवानी पन्नालाल केसरवानी शंकर लाल केशरवानी विजय कुमार केसरवानी सहित तमाम लोगो ने पीसीएसजे पास करने वाली कौशांबी की दोनों बेटियों और उनके परिजनों को बधाई दी है।

## मां बेटे को दबंगों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**5 दिन पहले भी हुआ था मां बेटे पर हमला कार्यवाही न होने से हमलावरों के बढ़े हौसले**

**महगांव कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव में जमीनी विवाद के चलते 5 दिन पहले मां को लाठियां से पीटा गया था इस हमले की शिकायत पुलिस से की गई लेकिन पुलिस ने हमलावरों पर कार्रवाई नहीं की पुलिस से शिकायत करने से भन्नाए हमलावरों ने दोबारा सोमवार को फिर मां बेटे को दौड़ा-दौड़ा कर लाठी डंडे से पीटा है हमले से मां बेटे दोनों को चोटे आई हैं घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना थाना पुलिस को फिर दी गई है लेकिन खबर लिखे जाने तक दूसरे हमले का भी मुकदमा पुलिस ने दर्ज कर हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं की है जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव की प्रेमा देवी को उसके ही पड़ोस में रहने वाले वीरेन्द्र कुमार पुत्र फूलचंद्र वा बाबू लाल पुत्र राजा राम जमीनी विवाद के चलते बेवजह आए दिन गाली गलौज करते हैं उक्त लोगों ने बीते 6 सितम्बर को गाली गलौज देते हुए प्रेमा देवी को लात घूसा व लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा था जिससे महिला के सिर शरीर पर गंभीर चोट आई थी उस दिन के बाद से विपक्षी दबंगो का हौसला बुलन्द है पुलिस में शिकायत करने से बौखलाए राजाराम वीरेंद्र कुमार ने सोमवार को फिर प्रेमा देवी के साथ लाठी डंडे से जमकर मारपीट किया प्रेमा देवी की चीख पुकार सुनकर प्रेमा देवी का लड़का आकाश मौके पर पहुंचा तो हमलावरों ने आकाश के साथ भी मारपीट किया है हमले में मां बेटे दोनों को चोट आई हैं दोनों को इलाज के लिए डॉक्टर के पास भेजा गया है मामले की शिकायत पुलिस से फिर की गई है लेकिन सवाल उठता है कि 5 दिन पहले हमले के मामले में हमलावरों पर कार्रवाई न होने से दबंगों के हौसले बुलंद है और पुलिस से शिकायत करने के बाद दोबारा फिर पीड़ित पर हमला किया गया है मां बेटे पर दोबारा हमले के बाद पुलिसिया कार्यवाही पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

# गौ संरक्षण केंद्र के निरीक्षण में सीडीओ को मिली बड़ी खामियां

**पंचायत सचिव ग्राम प्रधान पशु चिकित्सा अधिकारी सहित कई लोगों पर कार्यवाही करने का सीडीओ ने दिया निर्देश**

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जनपद में पशुओं की बीमारी लम्पी डिसिज के प्रकोप के चलते विकास खण्ड कड़ा के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों का डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान गौ संरक्षण केंद्र में बड़ी खामियां पाई गई है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायत सचिव ग्राम प्रधान पशु चिकित्सा अधिकारी समेत विभिन्न लोगों पर कार्यवाही करने का निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिया है। पशुओं में हो रही बीमारी की स्थिति को जानने के लिए और पशुपालकों से बात करने के लिए मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी ने कमालपुर, देवीगंज, अलीपुर जीता ग्रामों का भ्रमण किया और पशुओं के टीकाकरण की स्थिति की जानकारी की इसके पश्चात अलीपुर जीता गौशाला का उन्होंने निरीक्षण किया मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान गौशाला में भारी गन्दगी पायी गयी गौशाला में कीचड भरा हुआ पाया गया। गौ संरक्षण केंद्र में पशुओं की स्थिति बेहद खराब पाई गई है इस सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी, कौशाम्बी को सम्बन्धित पंचायत सचिव के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने एंव ग्राम प्रधान को 95 जी एक्ट के तहत नोटिस निर्गत किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही गौशाला के प्रभारी अनिल मिश्र सहायक विकास अधिकारी सहकारिता एवं पशुचिकित्साधिकारी विकास खण्ड कड़ा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण भ्रमण के बाद विजय शंकर त्रिपाठी खण्ड विकास अधिकारी कड़ा को भी निर्देश दिये है कि वह निरन्तर भ्रमण करते हुए सभी गौशालाओं में आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें और बीमारी के दृष्टिगत सतत दृष्टि बनाये रखे एवं प्रभावित ग्रामों में साफ-सफाई चूना छिड़काव फागिंग इत्यादि भी कराते रहे।

# अवैध वाहनों पर आखिर क्यों मेहरबान हैं कौशांबी एआरटीओ

**अखंड भारत संदेश**

**स्कूल संचालकों की नही रुक रही मनमानी मानक के विपरीत वाहन में बैठाते हैं बच्चे आखिर कब होगी इन पर कार्यवाही!**



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** जिले के विभिन्न क्षेत्र में स्कूली वाहन के हादसे से बच्चों के चोटिल होने की घटनाएं होती रहती है। अभी सोमवार को ही कोखराज के तरसौरा गांव में एच एच ए कांवेंट एंड इंटर कालेज की बस हादसे का शिकार हुई जिसमें दर्जनों बच्चे चोटिल हुए गनीमत रही की बस गंगा नदी की धारा में नहीं गई अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था बच्चों और अभिभावकों की माने तो उस बस में 32 सीट होने बावजूद 60 बच्चे बैठाए गए थे। कमोवेश यही हाल अन्य स्कूली वाहनों का होता है जो मानक से अधिक बच्चों को बैठाकर उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करते है चालक भी अयोग्य रखे जाते हैं। मंगलवार को टेढ़ीमोड़ से गुजर रहे कई स्कूली बसों और मैजिक वाहनों का रियलिटी चेक किया गया जिसमें एक दो वाहनों को छोड़कर अधिकतर वाहनों में बच्चों को भूसे की तरह बैठाया गया था। एच एच ए स्कूल की मैजिक वाहनों में सीट के अलावा बीच में ऐसे ही बच्चों को बैठाकर ले जाया जा रहा था। इन मैजिक वाहनों को चला रहे किसी भी ड्राइवर के पास पूछने पर गाड़ी चलाने का हैबी लाइसेंस भी नही दिखा पाए। लाइसेंस की बात पूछे जाने पर इधर उधर ताकने लगे। एसएल कान्वेंट इंटर कॉलेज गुलामीपुर यूपी इंटर कॉलेज कल्यानपुर एसएसए इंटर कॉलेज आंदवा आदि स्कूल संचालक इतना सब कुछ होने के बावजूद सुधरते नहीं दिख रहे हैं आखिर इन वाहनों की जांच क्यों नही की जाती है। क्या परिवहन विभाग के अधिकारियों को यह सब नही दिखता है या स्कूल संचालकों की उनसे सांठगांठ होती है जो वह बिना मानक के अधिक बच्चों को गाड़ियों में भरकर आयोग्य चालकों द्वारा फरार्टे भरते हुए बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करने का ठेका लिए हुए कानून नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है औ? एआरटीओ तमाशबीन बने हैं।

## प्रेमी के साथ विवाहिता फरार

**चायल कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के साहवनपुर पिण्डरा गांव की एक महिला की शादी दो वर्षों पूर्व हाथरस जनपद के सादाबाद थाना क्षेत्र के गोबरा गांव निवासी मनीष चौधरी पुत्र चुन्नीलाल के साथ हुई थी महिला अपने मायके सहावनपुर पिंडरा अपने भाई तीरथ लाल के घर आई थी 4 सितंबर को अपने भाई से कहकर विवाहिता महिला चायल स्थित अपने बहन उमा के घर गई थी लेकिन वहां से अचानक महिला लापता हो गई है उसके भाई ने मामले की सूचना करारी पुलिस को दी लेकिन महिला का कहीं पता नहीं चल सका अपने सूत्रों से महिला के भाई ने उसकी खोज बीन की लेकिन गायब विवाहिता के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी 10 सितंबर को गायब विवाहिता के भाई को जानकारी मिली कि महिला चायल के रहने वाले दिलीप के साथ चली गई है इसी बीच दिलीप का फोन आया कि वह महिला को रखने को तैयार नहीं है महिला के भाई ने दिलीप से कहा कि जिस तरह से महिला को फुसलाकर भगाकर ले गए हो उसी तरह जीवन पर्यंत अपने साथ रखो लेकिन दिलीप अब विवाहिता महिला को अपने साथ रखने को तैयार नहीं है जिस महिला के भाई ने चायल चौकी पुलिस को तहरीर देकर विवाहित महिला को बरामद करने की गुहार लगाई है।

## मंझनपुर चौराहा से बाजार होते हुए न्यू नगर पालिका कार्यालय तक निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**कौशाम्बी।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर नगर पालिका परिषद मंझनपुर में सोमवार को "मेरी माटी, मेरा देश"कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मंझनपुर चौराहा से शुरू होकर बाजार होते हुए न्यू नगर पालिका कार्यालय तक कलश यात्रा निकाली गई नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र सरोज फौजी और सभासदों एवं भाजपा के मंडल अध्यक्ष महेश लोधी एवं तमाम कार्यकताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया क्षेत्र के लोगों ने भी मिट्टी व अछत चावल अमृत कलश में डालने का कार्य किया।भाजपा जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने नगर पालिका कार्यालय में कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पंचप्रण शपथ दिलाई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। मंडल अध्यक्ष महेश लोधी ने कहा कि पिछले साल आयोजित राष्ट्रव्यापी अभियान, हर घर तिरंगा बेहद सफल रहा था और इस साल आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एक और महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'मेरी माटी मेरा देश' शुरू किया गया है जिसको सफल बनाने के लिए आज हम लोग यहां एकत्रित हुए हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिशासी अधिकारी अनूप राय, अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय तिवारी, बड़े बाबू संजय कुमार गुप्ता, बबलू गर्ग, रिंकू मौर्या, सभासद आर्यवीर ,अमित सोनकर, राम यश ,मानसिंह, अंशुल केसरवानी, कल्लू पंडा सहित पालिका के तमाम जनमानस एवं नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

### न्यूज झरोखा

## संदीपन घाट पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, चालकों को दी हिदायत



**महगांव कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के आदेश अनुपालन में संदीपन घाट थाना प्रभारी द्वारा जीटी रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें थाना प्रभारी दिलीप कुमार सिंह के साथ संदीपन घाट थाना के पुलिस बल द्वारा जीटी रोड पर सभी संदिग्ध व अज्ञात वाहनों को रोक कर सघन चेकिंग की गई चार पहिया व दो पहिया वाहनों की चेकिंग की गई। साथ ही साथ यातायात नियमों को पालन करने की भी हिदायत दी गई। संदीपन घाट पुलिस द्वारा वाहन चालकों को चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट व दो पहिया वाहन में हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाने का निर्देश दिया हालाकि चेकिंग के दौरान दो लोगों के दो पहिया वाहन चालकों का पुलिस द्वारा चालान किया गया

## मेरी माटी-मेरा देश के अंतर्गत करारी में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**करारी कौशाम्बी।** करारी कस्बे के तुलसी गेस्ट हाउस में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया करारी मण्डल अध्यक्ष दिलीप अग्रहरि की अध्यक्षता में संगठन के पदाधिकारियो के साथ बैठक सम्पन्न हुई। उसके बाद करारी नगर के लोगो से अमृत कलश में हर आंगन की मिट्टी व चावल एकत्रित करने के निर्देश कार्यकताओं को दिया गया है कार्यक्रम में सांसद विनोद सोनकार जिला महामंत्री संजय जयसवाल श्याम सुंदर केसरवानी बृजेश अग्रहरी गजराज सिंह डाक्ट सुरेश नगर डॉक्टर गुलाब सिंह कुशवाहा सहित कार्यक्रम में तमाम लोग मौजूद रहे।

## लेफ्टिनेंट सुरभि शुक्ला को अपने बीच पाकर फूले नहीं समाए ग्रामीण



**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर ओसा की सुरभि शुक्ला का चयन सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है इन दिनों देश की सुरक्षा में वह पाकिस्तान बॉर्डर के राजस्थान में तैनात है पोस्टिंग के बाद मंगलवार को प्रथम बार उनका अपने गांव ओसा आगमन हुआ है जैसे ही सुरभि शुक्ला को गांव वालों ने अपने बीच देखा वह फूले नहीं समाए हैं फूल मालाओं से सुरभि शुक्ला का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया है लेफ्टिनेंट सुरभि शुक्ला का स्वागत करने वालों में संत कबीर नगर ओसा सभासद प्रतिनिधि आर्य वीर पूर्व प्रधान राम सुरेमन सुशील मिश्रा, राजेंद्र तिवारी, रजई तिवारी,भीम पाल, समेत गाँव के सैकड़ो ग्रामवासी मौजूद रहे।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत



**अझुवा कौशाम्बी** सैनी थाना क्षेत्र के चक बख्तियारा गांव में 22 वर्षीय युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गयी।घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार सैनी थाना क्षेत्र के चक बख्तियारा परसीपुर निवासी लल्लू विश्वकर्मा के 22 वर्षीय पुत्र मोहित विश्वकर्मा ने मंगलवार की दोपहर किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया।घटना के बाद युवक की तबियत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने युवक को इलाज के लिए सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया जहाँ चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान युवक की मौत की पुष्टि कर दी घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## खड़ी पिकअप से टकराया बाइक सवार



**अझुवा कौशाम्बी।** फतेहपुर जनपद के छीमी पुराइन गांव के रहने वाले राम प्रकाश मिश्रा अपने एक अन्य साथी के साथ सोमवार को मनगढ़ प्रतापगढ़ दर्शन करने गए थे सोमवार की रात्रि 11 बजे वह बाइक से वापस अपने घर छीमी पुराइन जा रहे थे जैसे ही सैनी कोतवाली के डोरमा गांव के नजदीक बाइक सवार राम प्रकाश मिश्रा पहुंचे सड़क में खराब एक पिकअप खड़ी थी सामने से आ रहे वाहनों की तेज लाइट के चकाचौंध के चलते बाइक सवार खड़ी पिकअप को नहीं देख पाया और सड़क पर खड़े पिकअप से बाइक सवार टकरा गया हादसे में बाइक सवार राम प्रकाश मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए उनके साथ बाइक पर एक लोग और बैठे थे उनको मामूली चोटें आयी आवाज सुनकर आस -पास के लोग घटना स्थल पर दौड़े। घटनास्थल के नजदीक ही सोनू नाम के व्यक्ति का घर है जो कि वाटर प्लांट लगाए हैं और पानी सप्लाई का भी काम करते हैं, बिना देरी किये 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सूचना पाकर 108 एम्बुलेंस चालक विमल यादव और ई एम टी अंकित पाठक घटनास्थल पर पहुचे और घायल राम प्रकाश का प्राथमिक उपचार करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू में भर्ती करवाया हादसे की सूचना घायल व्यक्ति के परिजनों और पुलिस को दे दी गई है

## दवा लेकर घर जा रही महिला रोडवेज बस से गिरी



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग भोला चौराहे से पहले राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोडवेज बस से उतर रही महिला गिरकर गंभीर घायल हो गई। घटनाक्रम के मुताबिक संगीता देवी उम्र तकरीबन 45 वर्ष पत्नी चंद्र किशोर निवासी भैरायें दवा लेने सिराथू गई थी। लौटते समय महिला रोडवेज बस से घर जाने के लिए बैठ गई बस में बैठी सवारियों के अनुसार महिला ससुर खदेरी नदी पुल के पास से उठ कर उतरने के लिए खड़ी हो गई थी महिला को भोला चौराहा अझुवा उतरना था लेकिन चौराहा से कुछ पहले ही खुले गेट से महिला अचानक चलती बस से नीचे चली गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई।ड्राइवर ने बस रोक दिया सूचना पर मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने गंभीर घायल महिला को अस्पताल भेजा जहां से डॉक्टरों ने महिला को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गंभीर स्थिति देख जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने घायल महिला को प्रयागराज रिफर कर दिया है।पुलिस ने जिस बस से महिला जा रही थी मिजार्पुर डिपो के ड्राइवर कंडक्टर से नाम पता पूंछ कर बस को जाने दिया है।

## एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी, जच्चा बच्चा स्वस्थ

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में संचालित 102 एम्बुलेंस सेवा गरीबों एवं जरूरतमंदो के लिए बेहतर साबित हो रही है। औरेनी गांव के रहने वाले सुनील कुमार मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। सोमवार रात 8 बजे लगभग उनकी नौ माह की गर्भवती पत्नी फूल कली को प्रसव पीड़ा शुरू हुयी। सुनील ने इसकी जानकारी गांव की आशा गायत्री देवी को दी आशा गायत्री देवी ने 102 एम्बुलेंस को कॉल किया, सूचना पाकर एम्बुलेंस चालक हरदीप एवं पंकज भारती गर्भवती को लेने उसके घर पहुचे। 102 एम्बुलेंस कर्मचारियों ने आशा, गर्भवती महिला और उनके घर की दो महिलाओं को एम्बुलेंस में बैठाकर निकले। अस्पताल पहुंचने से पहले ही गोविन्दपुर गांव के पास अचानक प्रसव पीड़ा बहुत तेज हो गयी। ऐसी स्थिति को देखकर चालक हरदीप ने आशा और गर्भवती के परिजनों से बात करके एम्बुलेंस को सड़क के किनारे लगाया और ई एम टी पंकज ने आशा की मदद से एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव करवाया। प्रसव के बाद माँ एवं शिशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा ले जाया गया जहाँ दोनों स्वस्थ हैं।

## संपादक की कलम से

### हिंदी हमारी सनातन संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक

सुनील कुमार महला

**प्रत्येक** वर्ष 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाता है। दरअसल भारत में हिंदी को आधिकारिक दर्जा मिलने की खुशी में यह दिवस मनाया जाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि हिन्दी को भारत की संविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था, यही कारण है कि भारतवर्ष में प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी, भारत की राजभाषा यानी कि आफिशियल लेंग्वेज है और हमारे देश की विविधता का प्रतीक है। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो आज भारत की करीब 57 फीसदी से ज्यादा आबादी हिन्दी बोलती और समझती है। आजादी के आंदोलन के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ पूरे देश को एकजुट करने में हिन्दी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण व अहम रही है और यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है।यह भाषा हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का भी अनूठा व नायाब प्रतीक है।हिंदी दिवस के मौके पर हमें अपनी मातृभाषा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। हिंदी हमारे संविधान का अधिकार है और यह हमें राष्ट्रीय एकता की ओर बढ़ाती है। हिंदी को सीखना और उसे सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी और हमारा परम कर्तव्य भी है, ताकि हमारी समृद्ध भाषा धरोहर को बचाया और इसे देश में अधिकाधिक बढ़ावा दिया जा सके, प्रचलित और प्रसारित किया जा सके। जानकारी देना चाहूंगा कि इस बार हिंदी एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन संयुक्त रूप से पुणे, महाराष्ट्र में 14 एवं 15 सितंबर 2023 को आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा हिंदी दिवस 2022 एवं द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का भव्य आयोजन सूरत, गुजरात में किया गया था। इसी प्रकार से प्रथम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन वाराणसी में किया गया था। संविधान के अनुच्छेद 343(1) के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी और इसकी लिपि देवनागरी है।संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतराष्ट्रीय रूप है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि जनतांत्रिक आधार पर हिंदी विश्व भाषा है क्योंकि उसके बोलने-समझने वालों की संख्या संसार में तीसरी है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि विश्वभर की भाषाओं का इतिहास रखने वाली संस्था ह्यएथ्नोलॉगह्ण के द्वारा हिंदी को दुनियाभर में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा बताया गया है।यह बात हम सभी को गौरवान्वित करती है कि विश्व के 132 देशों में जा बसे भारतीय मूल के लगभग 2 करोड़ लोग हिंदी माध्यम से ही अपना कार्य निष्पादित करते हैं। एशियाई संस्कृति में अपनी विशिष्ट भूमिका के कारण हिंदी एशियाई भाषाओं से अधिक एशिया की प्रतिनिधि भाषा है। आज हिंदी शनैःशनैः सर्वव्यापी होती चली जा रही है, हिंदी में प्रचुर साहित्य की उपलब्धता है, यह सरल,सहज और वैज्ञानिक शब्दावली लिए बहुत ही दमदार भाषा है। यहां तक कि बनावट की दृष्टि से सरलता और वैज्ञानिकता और सब प्रकार के भावों को प्रकट करने की सामर्थ्य आदि सभी गुण हिंदी में समाहित हैं।हम में से बहुत से लोगों का यह मानना है कि हिंदी हमारे देश की राष्ट्रभाषा है, लेकिन यह सच नहीं है। हिंदी हमारी मातृभाषा है, देश की प्रथम राजभाषा है और यह राष्ट्रभाषा के रूप में कहीं भी अब तक पंजीकृत नहीं है। वास्तव में सच तो यह है कि भारत की यह आर्टिकल लिखने तक कोई भी आधिकारिक राष्ट्रीय भाषा नहीं है। बावजूद इसके हिंदी इस देश की आत्मा है, प्राण है।एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की अनूठी पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, हमारी सनातन संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है।

# अमृतकाल में राजभाषा हिंदी को मिलेंगी नई राहें..!

तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, पुणे (14-15 सितंबर) के अवसर पर विशेष



**- प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी, पूर्व महानिदेशक, भारतीय जन संचार संस्थान, नई दिल्ली**




**किसी भी** लोकतांत्रिक देश में जनता और सरकार के मध्य जन-जन की भाषा ही संपर्क भाषा के रूप में सार्थक भूमिका अदा कर सकती है। हिंदी, भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम होने के साथ-साथ भारत की भावात्मक एकता को मजबूत करने का सशक्त जरिया है। अपनी उदारता, व्यापकता एवं ग्रहणशीलता के कारण ही हिंदी भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की पूरक है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विभिन्न मंचों पर हिंदी में संवाद कर देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी हिंदी को गौरवान्वित किया है, जो हमारे लिए अनुकरणीय है। आज हिंदी का प्रचार-प्रसार केवल सरकारी स्तर तक सीमित न रखकर, इसे भारत के जन- जन तक ले जाना सरकार का प्रयास है। साथ ही, न केवल भारत अपितु पूरे विश्व में हिंदी भाषा का प्रकाश फैलाने का संकल्प भारत सरकार का है।

भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो। इसी क्रम में 14-15 सितंबर को पुणे में राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी दिवस समारोह एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इससे पूर्व वाराणसी एवं सूरत में बड़े ही भव्य स्तर पर दो राजभाषा सम्मेलनों का आयोजन हो चुका है। इस वर्ष सम्मेलन के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह होंगे। सम्मेलन में हिंदी से जुड़े विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर के हिंदी से जुड़े विद्वान हिस्सा लेंगे।

**प्रेरणा और प्रोत्साहन से आगे बढ़ती राजभाषा**

संविधान के भाग 17 में अनुच्छेद 343 से 351 तथा अनुच्छेद 120 व 210 में राजभाषा हिंदी से संबंधित संवैधानिक प्रावधान किए गए हैं। भारत सरकार की राजभाषा नीति प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं सद्भावना पर आधारित है। पूरे देश में भाषायी विविधता के कारण एक ही बार में हिंदी को थोपने की नीति नहीं है, अपितु इसका उत्तरोत्तर विकास करते हुए अमल में लाने की व्यवस्था की गई है। सरकारी कार्यालयों में हिंदी को स्थापित करने के भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के प्रयास काफी सफल रहे हैं। राजभाषा विभाग के द्वारा अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन संचालित किए जा रहे हैं। 'लीला हिंदी प्रवाह' से भारतीय भाषाओं को सीखने व समझने में सहायता प्राप्त हुई है। स्मृति आधारित अनुवाद सॉफ्टवेयर 'कंठस्थ' से अनुवाद कार्य आसान हुआ है तथा हिंदी स्वयं शिक्षण सॉफ्टवेयर से प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ पाठ्यक्रम ऑनलाइन किए जा सकते हैं। हिंदी में सबसे बड़ी समस्या टाइपिंग की आती थी, वह भी अब यूनिकोड के आने के बाद पूरी तरह समाप्त हो गई है। यूनिकोड प्रणाली में जहां एक ओर ट्रांसलिट्रेशन के माध्यम से रोमन से हिंदी में टंकण किया जा सकता है, वहीं जिन्हें गैर यूनिकोड फोंट में कार्य करने की आदत पड़ गई है, उनके लिए भी टूल्स की व्यवस्था की गई है। ट्रांसलिट्रेशन का प्रयोग अधिकांश सरकारी कार्यालयों में हिंदी की टाइपिंग में किया जा रहा है, परन्तु यूनिकोड में डिफाल्ट में मिलने वाले की-बोर्ड को सीखने एवं उस पर कार्य करने की आवश्यकता है। पुराने कर्मचारियों में इसे सीखने की ललक नहीं है, परन्तु नई पीढ़ी के कर्मचारी इसे आसानी से सीख सकते हैं।

**नराकास से आसान होती राहें**

इसके अलावा देश भर में कार्यरत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (नराकास) हेतु राजभाषा विभाग द्वारा संयुक्त नराकास वेबसाइट का निर्माण किया गया है। सभी नराकास इस निःशुल्क वेबसाइट पर अपना नराकास संबंधी डाटा (सूचना) साझा करते हैं। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियां बनाने का उद्देश्य केंद्र सरकार के देश भर में फैले कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के मार्ग में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए एक संयुक्त मंच प्रदान करना है। इस मंच पर नराकास के सदस्य हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए उनके द्वारा अपनाई गई उत्तम नीतियों के बारे में जानकारी पर विचार-विमर्श करके तथा उसका आदान-प्रदान करके अपनी उपलब्धियों के स्तर में सुधार ला सकते हैं। समिति की वर्ष में दो बैठकें आयोजित की जाती हैं। नगर विशेष में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों के प्रशासनिक प्रमुखों द्वारा इस समिति की बैठकों में व्यक्तिगत तौर पर सहभागिता करना अपेक्षित है। राजभाषा नियम, 1976 के नियम 12 के द्वारा प्रशासनिक प्रमुखों को राजभाषा नीति के कार्यान्वयन और इस संबंध में समय-समय पर राजभाषा विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। राजभाषा विभाग (मुख्यालय) / क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों के अधिकारी इन बैठकों में भाग लेते हैं। राजभाषा विभाग द्वारा तय किए गए मानदंडों के अनुरूप राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने की दिशा में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाली नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को राष्ट्रीय स्तर पर 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' तथा क्षेत्रीय स्तर पर 'क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार' देकर सम्मानित किया जाता है।

**मूल सामग्री हिंदी में तैयार करने पर जोर**

राजभाषा विभाग की ओर से अनेक ऐसे कार्यालय ज्ञापन भी जारी किए गए हैं, जिनमें स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि मूल सामग्री हिंदी में तैयार की जानी चाहिए और यदि आवश्यकता हो तो उसका अंग्रेजी अनुवाद कराया जाए। इसमें भी अनेक समस्याएं हैं।

अनुवादक मानते हैं कि अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करना आसान है, क्योंकि उनको अंग्रेजी शब्दों के हिंदी पर्याय ढूंढने में कम समस्याएं आती हैं, जबकि हिंदी के अंग्रेजी पर्याय ढूंढने में काफी समय लग सकता है। हालांकि, नए भर्ती हो रहे कर्मचारी अंग्रेजी माध्यम से पढ़कर आ रहे हैं और यह उनके लिए काफी आसान हो सकता है, परंतु मूल दस्तावेज तैयार करने वाला कर्मचारी हमेशा यही शिकायत करता है कि हम दोगुनी मेहनत क्यों करें। पहले दस्तावेज को हिंदी में तैयार करें और उसके बाद अंग्रेजी में। अतः यह समस्या तब तक बनी रह सकती है, जब तक कि सरकार यह निर्देश दें कि दस्तावेज सिर्फ हिंदी में तैयार किए जाएं।

**राजभाषा में पूरा हो अमृतकाल का संकल्प**

स्वतंत्रता प्राप्ति से आज तक प्रत्येक मनीषी का सपना रहा है कि भारत में शिक्षा और तकनीकी के क्षेत्र में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए। हिंदी सिर्फ राजभाषा नहीं अपितु जन-जन की भाषा बने। वर्तमान में माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि समस्त कार्य अपनी भाषा में किया जाए। यह तभी संभव है जब हम सभी स्वेच्छा से राजभाषा व अपनी मातृभाषा में कार्य करने के लिए कृत संकल्पित हों। उम्मीद की जानी चाहिये कि तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में लोगों को हिंदी में अधिकाधिक कामकाज करने और बड़ी संख्या में युवाओं को इस भाषा को सीखने के लिए प्रेरित करने की दिशा में विचारपूर्ण चर्चा होगी। राजभाषा विभाग अपने सामूहिक एवं सार्थक प्रयासों से लक्ष्य को प्राप्त करने मे सफल होगा, उनके प्रयासों को देखकर ऐसा विश्वास सहज ही होता है।

# राजस्थान में एकला चलो की राह पर गहलोत

रमेश सर्राफ धमोरा

**राजस्थान** विधानसभा के चुनाव होने में अब मात्र दो माह का समय रह गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अकेले चलने की राह पर चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। उन्होंने पूरे चुनाव की कमान अपने हाथों में थाम कर चुनावी व्यूह रचना करने में जुट गयें हैं। मुख्यमंत्री गहलोत ने अपने प्रतिद्वंदी सचिन पायलट को चुनावी रणनीति से पूरी तरह दूर कर दिया है। चुनाव के लिए गठित कांग्रेस पार्टी की किसी भी कमेटी की कमान सचिन पायलट को नहीं दी गई है। चुनावी कमेटियों में उन्हें मात्र एक सदस्य के तौर पर ही शामिल किया गया है। उनके अधिकांश समर्थकों को भी चुनावी कमेटियों से दूर रखा गया है। सचिन पायलट को चुनावी कमेटियों से दूर रहकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिखा दिया है कि राजस्थान के वही एक छत्र नेता है। उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। कांग्रेस की टिकटों के वितरण में भी उन्हीं की चलेगी। उनके समर्थको को ही टिकट मिलेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ख?गे ने पिछले दिनो राजस्थान में चुनावों के लिये कोर कमेटी, कोऑर्डिनेशन कमेटी, चुनाव कम्पेनिंग कमेटी, मेनिफेस्टो कमेटी, स्ट्रेटजी कमेटी, मीडिया एंड कम्युनिकेशन कमेटी, पब्लिसिटी एंड पब्लिकेशन कमेटी और प्रोटोकॉल कमेटी सहित कुल आठ चुनावी कमेटियों का गठन किया था। इन कमेटियों में कांग्रेस वर्किंग कमेटी का सदस्य होने के नाते सचिन पायलट को तो शामिल किया गया है। मगर उनके समर्थकों को विशेष तवज्जो नहीं मिल पाया है। चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण कोर कमेटी का संयोजक कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा को बनाया गया है। इस कमेटी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य भंवर जितेंद्र सिंह, सचिन पायलट, पंजाब के प्रभारी हरीश चौधरी, महेंद्रजीत मालवीया, मोहन प्रकाश, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी, कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल को शामिल किया गया है। इस कमेटी में पायलट को छोड़कर बाकी सभी गहलोत समर्थक को शामिल किया गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कोर कमेटी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसमें किसी पायलट समर्थन के नहीं आने से पायलट अकेले पड़ गए हैं।

इसी तरह दूसरी सबसे महत्वपूर्ण कोऑर्डिनेशन कमेटी में कुल 26 लोगों को शामिल किया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित सभी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक दल के पूर्व नेता, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्यों को शामिल किया गया हैं। इसमें कई मंत्री व प्रमुख नेताओं को भी जगह दी गई है। इस कमेटी में कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल को भी शामिल किया गया है। जिन्होंने पिछले साल 25 सितंबर को कांग्रेस पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन ख?गे व अजय माकन द्वारा बुलाई गई कांग्रेस विधायक दल की बैठक का बहिष्कार करवाया था। धारीवाल को कांग्रेस अनुशासन समिति द्वारा उस घटना पर कारण बताओं नोटिस भी दिया गया था। जिस पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। उसके उपरांत भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने सबसे निकटवर्ती मंत्री शांति धारीवाल को उक्त महत्वपूर्ण कमेटी में शामिल करवा कर यह बता दिया है कि कांग्रेस में वही होगा जो गहलोत चाहेंगे। कैंपेनिंग कमेटी का अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल को बनाया गया है। मेघवाल बीकानेर संभाग में गहलोत के कट्टर समर्थक नेता माने जाते हैं। पूर्व में वह भाजपा विधायक व संसदीय सचिव रह चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस टिकट पर 2013 और 2018 का विधानसभा चुनाव लड़ा था जिसमें 2013 में हार गए थे। मंत्री बनने से पहले उन्हें प्रदेश कांग्रेस का उपाध्यक्ष भी बनाया गया था। पहले सचिन पायलट को चुनाव कम्पेनिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा थी। मगर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दलित नेता गोविंदराम मेघवाल का नाम आगे कर पायलट का पत्ता साफ कर दिया। मेनिफेस्टो कमेटी का अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी को बनाया गया है। इस कमेटी में 21 सदस्यों को शामिल किया गया है। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य होने के नाते सचिन पायलट को एक्स ऑफिस मेंबर के रूप में इस कमेटी का सदस्य बनाया गया है। पंजाब के प्रभारी व बाड़मेर से आने वाले जाट नेता हरीश चौधरी को स्ट्रैटेजिक कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में कुल 26 लोगों को शामिल किया गया है। कैबिनेट मंत्री ममता भूपेश को मीडिया एंड कम्युनिकेशन कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में 22 लोगों को शामिल किया गया है। मीडिया एंड पब्लीसिटी कमेटी का राज्य मंत्री मुरारीलाल मीणा को अध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में 21 लोगों को शामिल किया गया है। मुरारीलाल मीणा की गिनती कट्टर पायलट समर्थको में होती है। दौसा जिले से आने वाले मुरारीलाल मीणा समाज के प्रभावशाली नेता है तथा पायलट के समर्थन में मुखर होकर बात रखते हैं। प्रोटोकॉल कमेटी का अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रमोद जैन भाया को बनाया गया है इस कमेटी में 21 सदस्य शामिल है। कोटा के सांगोद से विधायक व पूर्व मंत्री भरतसिंह प्रमोद जैन भाया के भ्रष्टाचार को लेकर अक्सर मुख्यमंत्री को पत्र लिखते रहते हैं। भारत सिंह के विरोध के बावजूद प्रमोद जैन भाया को कमेटी का अध्यक्ष बनाकर गहलोत ने भरतसिंह की बोलती बंद कर दी है। हाल ही में गठित की गई आज चुनावी कमेटियों को देखने से पता लगता है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभी कमेटियों में अपने विश्वास के नजदीकी लोगों को शामिल करवाया है। मुरारीलाल मीणा को छोड़कर बाकी सभी कमेटियों के अध्यक्ष भी गहलोत की पसंद के नेताओं को ही बनाया गया है। मुख्यमंत्री गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत भी कैंपेनिंग कमेटी के सदस्य बनाये गये है। हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ख?गे ने भीलवाड़ा में एक बड़े किसान सम्मेलन को संबोधित किया था। लेकिन सचिन पायलट वहां भी अनुपस्थित रहे थे। कुछ महीने पहले तक बगावती रुख अपनाये हुए सचिन पायलट को कांग्रेस आला कमान ने कांग्रेस कार्य समिति का सदस्य बनाकर चुनाव तक शांत रहने के लिए तो मना लिया था। मगर राजस्थान में अशोक गहलोत किसी भी स्थिति में सचिन पायलट को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्हें जहां भी मौका मिलता है वह पायलट के पर कतर देते हैं। कांग्रेस आला कमान के समझाने पर सचिन पायलट ने राजस्थान लोक सेवा आयोग में व्याप्त भ्रष्टाचार, शिक्षक भर्ती में घोटाला, पेपर लीक प्रकरण को लेकर युवा वर्ग के पक्ष में पांच दिनों तक अजमेर से जयपुर तक पदयात्रा निकालने के बाद शुरू किए गए जन आंदोलन को भी समाप्त कर दिया था। लेकिन मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य से लगता है कि राजस्थान कांग्रेस में पायलट को कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं मिलने वाली है।

# शिक्षित समाज पर एक कलंक है रेगिंग

सुनील

आज के समय में विभिन्न कालेजों,विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में रेगिंग पर रोक होने के बावजूद रेगिंग का रोग थमता नजर नहीं आ रहा है और रह रहकर बीच बीच में रेगिंग की घटनाएं सामने आ रही हैं। कहना गलत नहीं होगा कि कैंपस में रैगिंग के मामले उच्च शिक्षा संस्थानों में वर्षों से चिंता का विषय रहे हैं। 'रैगिंग' का अर्थ है ऐसा कोई कार्य करना जो किसी छात्र को शारीरिक, मनोवैज्ञानिक या दैहिक क्षति पहुंचाता है, या शर्मिंदगी या शर्मिंदगी का कारण बनता है।वास्तव में,एक शिक्षण संस्थान के किसी अन्य छात्र के खिलाफ एक छात्र द्वारा किये गये किसी भी शारीरिक, मौखिक या मानसिक दुर्?यवहार को रैगिंग कहते हैं। यदि कोई छात्र किसी अन्य छात्र को उसके काम करने के लिए धौंस दिखाता है या किसी छात्र को कॉलेज समारोह जैसी परिसर की गतिविधियों से बाहर रखा जाता है, तो उसे रैगिंग माना जाता है। कहना गलत नहीं होगा किशारीरिक शोषण, उदाहरण के लिए, खाने, पीने या धूम्रपान करने के लिए मजबूर करना, कपड़े पहनने या कपड़े उतारने के लिए मजबूर करना,मौखिक दुर्व्यवहार, उदाहरण के लिए अपशब्द और वाक्यांश, व्यक्ति की उपस्थिति, पोशाक, धर्म, जाति, परिवार या अध्ययन के चुने हुए क्षेत्र के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपमानजनक संदर्भ आदि दुर्व्यवहार और गतिविधियों को रेगिंग में शामिल किया जा सकता है। सरल शब्दों में कहें तो किसी भी छात्र को कोई भी कार्य करने, या कोई भी कार्य करने के लिए कहना, जिसे वह सामान्य रूप से करने या प्रदर्शन करने के लिए तैयार नहीं होगा, ही रेगिंग के अंतर्गत आती है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि रेगिंग का उद्देश्य विकृत आनंद प्राप्त करना है। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि रैगिंग को आमतौर पर पुराने छात्रों द्वारा कॉलेज लाइफ में नए छात्रों के स्वागत का दोस्ताना तरीका माना जाता है। एक रूप में इसे नए छात्रों और पुराने छात्रों के बीच की दूरियों को पाटने का प्रयास भी माना जाता है, जो नए छात्रों को अपने वरिष्ठों (सीनियर्स) के साथ घुलने-मिलने और संवाद कायम करने का मौका देता है, लेकिन छात्र संवाद कायम करने की बजाय नये छात्रों के साथ दुर्व्यवहार, दादागिरी करते हैं।जानकारी देना चाहूंगा कि भारत में विश?वविद्यालय अनुदान आयोग(यूजीसी) ने भारतीय विश्वविद्यालयों में इसको रोकने के लिए कई निर्देश जारी किए हैं। यहां तक कि इसके लिए एक टोल फ्री हेल्पलाइन भी शुरू की गई है, लेकिन रेगिंग है कि थमने का नाम ही नहीं ले रही है।

# आत्मशुद्धि एवं जीवन-उत्थान का पर्व है पर्युषण

ललित गर्ग

**जीवन** सभी जीते हैं, लेकिन उसे खुली आंखों से देखते नहीं, जागते मन से जीते नहीं। इसीलिये जैन परम्परा में आध्यात्मिक पर्व पयुर्षण को मनाया जाता है, इस वर्ष अन्तःकरण की शुद्धि का यह महापर्व 12 से 19 सितम्बर, 2023 को मनाया जा रहा है, इन आठ दिनों में तन और मन में साधनामय बना ले, मन को इतना मांज ले कि अतीत की त्रुटियां को दूर करते हुए भविष्य में कोई भी गलत कदम न उठे, इसकी तैयारी कर लें। एक ऐसा मौसम ही नहीं, माहौल निर्मित कर लें, जो हमारे जीवन की शुद्धि कर दें। इस दृष्टि से यह पर्व आध्यात्मिकता के साथ-साथ जीवन उत्थान का पर्व है, यह मात्र जैनों का पर्व नहीं है, यह एक सार्वभौम पर्व है। पूरे विश्व के लिए यह एक उत्तम और उत्कृष्ट पर्व है, क्योंकि इसमें आत्मा की उपासना करते हुए जीवन को शांत, स्वस्थ एवं अहिंसामय बनाया जाता है। संपूर्ण संसार में यही एक ऐसा उत्सव या पर्व है जिसमें आत्मरत होकर व्यक्ति आत्मार्थी बनता है व अलौकिक, आध्यात्मिक आनंद के शिखर पर आरोहण करता हुआ मोक्षगामी होने का सद्प्रयास करता है। जैनधर्म की त्याग प्रधान संस्कृति में पर्युषण पर्व का अपना अपूर्व एवं विशिष्ट आध्यात्मिक महत्व है। इसमें जप, तप, साधना, आराधना, उपासना, अनुप्रेक्षा आदि अनेक प्रकार के अनुष्ठान से जीवन को पवित्र किया जाता है। यह अंर्तआत्मा की आराधना का पर्व है- आत्मशोधन का पर्व है, निद्रा त्यागने का पर्व है। सचमुच में पर्युषण पर्व एक ऐसा सवेरा है जो निद्रा से उठाकर जागृत अवस्था में ले जाता है। अज्ञानरूपी अंधकार से ज्ञानरूपी प्रकाश की ओर ले जाता है। तो जरूरी है प्रमादरूपी नींद को हटाकर इन आठ दिनों विशेष तप, जप, स्वाध्याय की आराधना करते हुए अपने आपको सुवासित करते हुए अंर्तआत्मा में लीन हो जाए जिससे हमारा जीवन सार्थक व सफल हो पाएगा। पर्युषण पर्व का शाब्दिक अर्थ है-आत्मा में अवस्थित होना। पर्युषण शब्द परि उपसर्ग व वस् धातु इसमें अन् प्रत्यय लगने से पर्युषण शब्द बनता है। पर्युषण यानि ह्यपरिसमन्तात- समग्रतया उषणं वसनं निवासं करणंह्णह्ण- पर्युषण का एक अर्थ है-कर्मों का नाश करना। कर्मरूपी शत्रुओं का नाश होगा तभी आत्मा अपने स्वरूप में अवस्थित होगी अतः यह पर्युषण-पर्व आत्मा का आत्मा में निवास करने की प्रेरणा देता है। यह आध्यात्मिक पर्व है, इसका जो केन्द्रीय तत्त्व है, वह है-आत्मा। आत्मा के निरामय, ज्योतिर्मय स्वरूप को प्रकट करने में पर्युषण महापर्व अहं भूमिका निभाता रहता है। अध्यात्म यानि आत्मा की सन्निकटता। यह पर्व मानव-मानव को जोड़ने व मानव हृदय को संशोधित करने का पर्व है, यह मन की खिड़कियों, रोशनदानों व दरवाजों को खोलने का पर्व है। पर्युषण पर्व जैन एकता का प्रतीक पर्व है। जैन लोग इसे सर्वाधिक महत्व देते हैं। संपूर्ण जैन समाज इस पर्व के अवसर पर जागृत एवं साधनारत हो जाता है। दिगंबर परंपरा में इसकी ह्यह्यदशलक्षण पर्वह्णह्ण के रूप में पहचान है। उनमें इसका प्रारंभिक दिन भाद्र व शुक्ला पंचमी और संपन्नता का दिन चतुर्दशी है। दूसरी तरफ श्वेतांबर जैन परंपरा में भाद्र व शुक्ला पंचमी का दिन समाधि का दिन होता है। जिसे संवत्सरी के रूप में पूर्ण त्याग-प्रत्याख्यान, उपवास, पौषध सामायिक, स्वाध्याय और संयम से मनाया जाता है। वर्ष भर में कभी समय नहीं निकाल पाने वाले लोग भी इस दिन जागृत हो जाते हैं। कभी उपवास नहीं करने वाले भी इस दिन धमार्नुष्ठान करते नजर आते हैं। पर्युषण पर्व मनाने के लिए भिन्न-भिन्न मान्यताएं उपलब्ध होती हैं। आगम साहित्य में इसके लिए उल्लेख मिलता है कि संवत्सरी चातुर्मास के 49 या 50 दिन व्यतीत होने पर व 69 या 70 दिन अवशिष्ट रहने पर मनाई जानी चाहिए। दिगम्बर परंपरा में यह पर्व 10 लक्षणों के रूप में मनाया जाता है। यह 10 लक्षण पर्युषण पर्व के समाप्त होने के साथ ही शुरू होते हैं।

पर्युषण महापर्व-कषाय शमन का पर्व है। जिसमें किसी के भीतर में ताप, उत्ताप पैदा हो गया हो, किसी के प्रति द्वेष की भावना पैदा हो गई हो तो उसको शांत करने का पर्व है। धर्म के 10 द्वार बताए हैं उसमें पहला द्वार है-क्षमा। क्षमा यानि समता। क्षमा जीवन के लिए बहुत जरूरी है जब तक जीवन में क्षमा नहीं तब तक व्यक्ति अध्यात्म के पथ पर नहीं बढ़ सकता। भगवान महावीर ने क्षमा यानि समता का जीवन जीया। वे चाहे कैसी भी परिस्थिति आई हो, सभी परिस्थितियों में सम रहे। ह्यह्यक्षमा वीरो का भूषण हैह्णह्ण-महान् व्यक्ति ही क्षमा ले व दे सकते हैं। पर्युषण पर्व आदान-प्रदान का पर्व है। इस दिन सभी अपनी मन की उलझी हुई ग्रंथियों को सुलझाते हैं, अपने भीतर की राग-द्वेष की गांठों को खोलते हैं वह एक दूसरे से गले मिलते हैं। पूर्व में हुई भूलों को क्षमा के द्वारा समाप्त करते हैं व जीवन को पवित्र बनाते हैं। पर्युषण महापर्व का समापन मैत्री दिवस के रूप में आयोजित होता है, जिसे क्षमापना दिवस भी कहा जाता है। इस तरह से पर्युषण महापर्व एवं क्षमापना दिवस- यह एक दूसरे को निकटता में लाने का पर्व है। यह एक दूसरे को अपने ही समान समझने का पर्व है। गीता में भी कहा हैह्यह्यह्यआत्मौपम्येन सर्वत्रः, समे पश्यति योर्जुनह्णह्ण-ह्यश्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा-हे अर्जुन ! प्राणीमात्र को अपने तुल्य समझो। भगवान महावीर ने कहा-ह्यह्यमित्ती में सव्व भूएसु, वेरंमज्झण केणइह्णह्ण सभी प्राणियों के साथ मेरी मैत्री है, किसी के साथ वैर नहीं है। मानवीय एकता, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, मैत्री, शोषणविहीन सामाजिकता, अंतर्राष्ट्रीय नैतिक मूल्यों की स्थापना, अहिंसक जीवन आत्मा की उपासना शैली का समर्थन आदि तत्त्व पर्युषण महापर्व के मुख्य आधार हैं। ये तत्त्व जन-जन के जीवन का अंग बन सके, इस दृष्टि से इस महापर्व को जन-जन का पर्व बनाने के प्रयासों की अपेक्षा है। मनुष्य धार्मिक कहलाए या नहीं, आत्म-परमात्मा में विश्वास करे या नहीं, पूर्वजन्म और पुनर्जन्म को माने या नहीं, अपनी किसी भी समस्या के समाधान में जहाँ तक संभव हो, अहिंसा का सहारा ले- यही पयुर्षण की साधना का हार्द है। हिंसा से किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। हिंसा से समाधान चाहने वालों ने समस्या को अधिक उकसाया है। इस तथ्य को सामने रखकर जैन समाज ही नहीं आम-जन भी अहिंसा की शक्ति के प्रति आस्थावान बने और गहरी आस्था के साथ उसका प्रयोग भी करे।

# 17 से दो अक्टूबर तक मनेगा आयुष्मान सेवा पखवाडा: सीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक में भारत सरकार की पहल पर प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले में 17 से दो अक्टूबर तक आयुष्मान भवः सेवा पखवाडा मनाने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन जिला स्तर/ब्लाक स्तर/ग्राम स्तर पर होगा। राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम का लॉन्च इवेंट राष्ट्रपति 13 सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे करेंगे। आयुष्मान भवः अभियान में सेवा पखवाडा (17 से दो अक्टूबर तक, आयुष्मान आपके द्वार 3.0 (17 सितम्बर से), आयुष्मान मेला (17 सितम्बर से), आयुष्मान सभा (दो अक्टूबर से) तथा आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड गतिविधियां होनी है।

आयुष्मान भवः के तहत स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, अंगदान का संकल्प लिया जायेगा। 17 सितम्बर से आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के तहत आयुष्मान कार्ड बांटे जायेंगे। स्व पंजीकरण का उपयोग कर कार्ड का निर्माण, एफएलडब्लू, उचित मूल्य की दुकानों पर कार्ड निर्माण, एजेसिंयों, स्वयंसेवकों,



सामाजिक कार्यकताओं आदि का उपयोग कर कार्ड का निर्माण, घर-घर ई-केवाईसी और कार्ड बांटने का लाभ पात्रों को दिया जायेगा। प्रत्येक शनिवार को हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला होगा। मेले में मरीजों की स्क्रीनिंग, दवाओं का वितरण, टेली परामर्श के साथ रक्तचाप, मधुमेह और तीन सामान्य कैंसर यानी मुंह, स्तर और गर्भाशय ग्रीवा जैसी बीमारियों के लिये जनसंख्या आधारित स्क्रीनिंग, नियमित टीकाकरण, पीएम जेएसवाई से उपचारित लाभार्थियों को फालोअप की सुविधा दी जायेगी। इसके अलावा प्रत्येक रविवार को पीएचसी/सीएचसी (ग्रामीण व शहरी) क्षेत्रों में भी आयुष्मान मेला लगेगा।

दो अक्टूबर को आयुष्मान सभा होगी। सभा में आयुष्मान कार्ड वितरण-प्रदर्शन, एनसीडी, टीबी और सिकल सेल रोग, संचारी सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और आभा आईडी के निर्माण की सुविधा को विशेष स्वास्थ्य वार्ता होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रत्येक गांव को संतृप्त करने पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी व संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा एमके जटारिया नामित किये गये।

## पालिका ठेका कर्मियों की सीएम मांगे करें पूरी: विधायक , सीएम को विधायक ने लिखा पत्र

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि नगर पालिका कर्मचारियों को सप्ताह में एक दिन का अवकाश दिलाया जाये।

मंगलवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि नगर पालिका परिषद कर्वी चित्रकूट में ठेका आउटसोर्सिंग संविदा व स्थायी रूप से कार्यरत सभी कर्मचारियों की मांगें पूरी करना जनहित में जरूरी है। नगर पालिका ठेका कर्मचारी आउटसोर्सिंग संविदा व स्थायी कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश मिलना चाहिये। ठेका आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि हो। तीन सौ रुपये प्रतिदिन के हिसाब से घर खर्च चलना मुश्किल है। शासनादेश दैनिक मजदूरी 478 रुपये है, उसे लागू किया जाये। ठेका आउटसोर्सिंग संविदा व स्थायी कर्मचारियों के पीएफ में हो रही कटौती की जानकारी कर्मचारियों को दी जाये, ताकि समय से कर्मचारी पीएफ निकाल सकें। सफाई नायक बिना कोई निर्धारित समय के सवेरे से शाम तक ड्यूटी में लगे रहते हैं। इनकी सुविधा को सहायक सफाई नायक दिया जाये।

## हुनर से रोजगार प्रशिक्षण लेने वाले 66 बच्चों को मिले प्रमाण पत्र




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** हुनर से रोजगार तक का दो माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण लेने वाले 66 बच्चों को राही पर्यटक आवास गृह में प्रमाण पत्र बांटे गये। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे व विशिष्ट अतिथि बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह व पूर्व ब्लाक प्रमुख जय प्रकाश पांडेय ने बच्चों को प्रमाण पत्र बांटे।

मंगलवार को भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट में जिले के 66 बच्चों को हुनर से रोजगार तक का दो माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया था। प्रशिक्षण के बाद सीतापुर स्थित राही पर्यटक आवास गृह में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से आए प्रशिक्षण कोआर्डिनेटर मो शाहिद खान ने बताया कि नीलेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव प्राचार्य फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट के निर्देश में प्रशिक्षण हुआ था। प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों को हुनर से रोजगार मिलेंगे। यूपी में चित्रकूट, बनारस, फतेहपुर सीकरी, आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज विभिन्न जिलों में ये प्रशिक्षण हो रहे हैं।

बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने कहा कि हुनरमंद प्रशिक्षण की जिले में आवश्यकता है। सरकार ने पिछड़े जिले को महत्वपूर्ण योजना शुरू की है। विशिष्ट अतिथि बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि हुनर से रोजगार सरकार का अच्छा प्रयास है। विशिष्ट अतिथि जय प्रकाश पांडेय ने प्रशिक्षण की मुक्तकंठ से सराहना की। इस मौके पर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के फैकेल्टी सतेन्द्र सिंघल समेत तमाम स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## आठ पर मिनी गुण्डा एक्ट से मची खलबली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाने वाले आठ लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। कार्यवाही से अराजकतत्वों में खलबली मची है।

मंगलवार को रैपुरा थाने के थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय ने कुलदीप उर्फ विक्की पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी अगरहुण्डा, योगेन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना पुत्र रामकल्याण सिंह निवासी अगरहुण्डा, दीपक सिंह पुत्र रामकल्याण सिंह निवासी अगरहुण्डा, हरिविलाश पुत्र गोरेलाल निवासी नटो का डेरा, लखन पुत्र बच्चा खां निवासी नटो का डेरा, आमिर पुत्र लखन निवासी नटो का डेरा, नारायण दत्त उर्फ राजा पुत्र रमाशंकर निवासी बराछी, रावेन्द्र उर्फ बेन पुत्र शिवबरन निवासी बराछी के खिलाफ धारा 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।

## परिवार परामर्श केन्द्र ने दम्पति के विवाद को सुलझाया

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में आपसी पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया।

मंगलवार को कोतवाली कर्वी के खोही गांव की श्रीमती तेजनिया पत्नी राजेश ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पति राजेश यादव पुत्र चुनवाद निवासी खोही उसके साथ मारपीट कर ससुराल में नहीं रहने दे रहा है। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह ने शिकायतकर्ता की शिकायत को विस्तार से सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो पक्षों को समझाते हुए दम्पति को भविष्य में विवाद न करने की सलाह दी। आपसी सुलह होने पर दम्पति तालमेल से रहने को तैयार हुए। टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह, महिला सिपाही शिवांगी शामिल रहीं।

# भारतीयता की अभिव्यक्ति का अभियान है: आलोक पाण्डेय

## मेरी माटी मेरा देश अभियान

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता व जन समूह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रणों का संकल्प लेकर घर-घर मिट्टी संग्रह करने में सक्रिय हैं। अभियान में जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र, पूर्व विधायक आनंद शुक्ल, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, दिनेश तिवारी, देव त्रिपाठी, सभी ब्लॉक प्रमुख, नगरीय निकायों के अध्यक्ष सहभागी रहे।

गनीवा मंडल के लौढियाखुर्द गांव में जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के ज्यादा से ज्यादा लोगो का अभियान से जुड़ाव हो रहा है। बूथ से लेकर जिला पदाधिकारी तक सभी जनप्रतिनिधि इस अभियान में सक्रिय रूप से सहभागी हैं। ये घर-घर से संग्रहित मिट्टी दिल्ली जाएगी। इससे अमृत वाटिका बनेगा। मानिकपुर मंडल में जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान जन-जन का अभियान है। ये हर एक भारतीय का अभियान है। ये दिल्ली को गांवों से गांव को दिल्ली से भावात्मक रूप से जोड़ने का अभियान है।

ये भारत, भारतीय और भारतीयता की अभिव्यक्ति का अभियान है। ये एक राष्ट्र एक परिवार के भाव की जाग्रति का अभियान है। ये ज्ञात अज्ञात वीर बलिदानियों के प्रति हमारी श्रद्धा का अभियान है।

इस अभियान के संयोजक जिला महामंत्री राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान में जनता स्वाभाविक रूप से जुड़ रही है। अभियान में जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, अश्विनी अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश पाण्डेय, हरिओम करवरिया, शिवशंकर सिंह, जगदीश गौतम, अंजू वर्मा, भागवत त्रिपाठी, महेश केशरवानी, अखिलेश रैकवार, आनन्द द्विवेदी, अभिलाष जायसवाल, मोहनदास मिश्र, राघव अग्रवाल, रामबाबू गुप्ता, आशीष पाण्डेय, रामेन्द्र गौतम, रवि गुप्त, विकास मिश्र, नरेंद्र गुप्ता, सुशील द्विवेदी, रमाकांत, विनोद, आशीष, सच्चिदानंद, अरविन्द रलिहा, गंगाधर मिश्रा, सुशीला प्रधान, संजीव मिश्रा, अमित द्विवेदी, विनीत द्विवेदी, दशरथ प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# बैठकों से गैरहाजिर वार्ड मेम्बरों की खत्म करायें सदस्यता: डीएम

## टापटेन में आबकारी, नोडल अधिकारी देखें सीएम डैशबोर्ड, कामर्शियल भवनों पर लगायें टैक्स

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कर-करेत्तर, राजस्व एवं चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक में व्यापार कर में लक्ष्य के सापेक्ष वसूली न होने पर एडीएम को निर्देश दिये कि डीसी/एसी का सितंबर माह का वेतन रोकें। सीएम डैशबोर्ड पर समीक्षा में जिले की रैंकिंग खराब हो रही है, इसमें सुधार लायें। स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन की वसूली में लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करायें।

मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने एडीएम से कहा कि सीएम डैशबोर्ड के नोडल अधिकारी हैं, सीएम डैशबोर्ड साइड खोलकर देखते रहें। स्टाम्प के निरीक्षण में पकडी गई कमियों का निरीक्षण करें, उसकी फीडिंग करायें। जीपीएस सिस्टम में फोटो क्रेता व विक्रेता दोनों की लगायें। परिवहन विभाग में संतुष्टि पूर्ण वसूली न होने पर एडीएम को निर्देश दिए कि कारण बताओ नोटिस जारी करें। आबकारी विभाग को निर्देश दिये कि अच्छी प्रगति कर टॉपटेन में रहे। विद्युत वसूली में अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि वार्षिक टारगेट के सापेक्ष वसूली करायें। खनन में कहा कि क्रमिक वार्षिक स्थिति ठीक है, इसमें और प्रगति करायें।

जिलाधिकारी ने मंडी सचिव को निर्देश दिये कि दुकानों की नीलामी करायें। मंडी में साफ-सफाई नहीं रहती, ईओ कर्वी से साफ-सफाई कराई जाए। कूड़ा फेंकने वाले स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगायें। चिन्हित कर अवांछित लोगों पर कार्यवाही करें। मंडी सचिव को निर्देश दिये कि बाहरी लोगों के बसेरे हटवायें। ईओ को निर्देश दिये कि कामर्शियल भवनों से बातकर टैक्स लगाए। ईओ मानिकपुर को निर्देश दिये कि नगर पंचायत के सदन बैठक तीन बार बुलायें। बैठक में गैरहाजिर रहने वाले सदस्यों की बाबत शासन को पत्र भेजें, ताकि सदस्यता समाप्त हो सके। कर्वी, मानिकपुर के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि सुधार न होने पर वेतन रोक दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन विभाग, बैंक देय, आरसी, धारा 41 व 24, धारा 80 व धारा 80 (1), दस बड़े बकायेदारों, अतिक्रमणकताओं पर विस्तृत चर्चा कर कार्यवाही को चेताया। बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम मानिकपुर रामजन्म यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश पाठक, कर्वी राजबहादुर, अपर उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा, अपर उप जिला अधिकारी न्यायिक राजापुर मोहम्मद जसीम अहमद, अपर उप जिलाधिकारी सतीश चंद्र, एसीजीएसटी प्रशांत अवस्थी, एआईसी स्टांप श्यामसुंदर यादव व अधिशासी अधिकारी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भादों अमावस्या मेला सम्पन्न कराने को प्रशासन ने कसी कमर

## श्रद्धालुओं को न हो कोई असुविधा: डीएम

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने भादों माह की अमावस्या मेला तैयारी बाबत पार्किंग स्थल, परिक्रमा मार्ग व रामघाट का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने दुगार्दास का पुरवा, पोद्दार इंटर कॉलेज, रामायण स्थल आदि पार्किंग स्थलों को देखा।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने एसडीएम कर्वी को निर्देश दिये कि पार्किंग स्थल जहां कीचड़ है, वहां मलवा डलवाकर सही करायें। पार्किंग स्थलों में झाड़ियों की सफाई भी करवायें। ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग से हटवाये अतिक्रमण का मलबा तत्काल मेला से पहले हटाकर सफाई करवायें। निर्देश दिये कि परिक्रमा मार्ग में खराब लाइटों को सही करायें। पोद्दार इंटर कॉलेज में पार्किंग स्थल के प्रवेश द्वार पर बिजली की तार को अंदर करायें। बिजली विभाग टीम बनाकर जहां विद्युत खराब हो, तुरंत दुरुस्त करायें। उन्होंने ईओ को निर्देश दिये कि मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था करायें। घोड़ा मालिकों को निर्देश दे कि घोडों को अंदर करायें। बरहा के हनुमान मंदिर के गेट निर्माण में जो बालू व मटेरियल है, उसे हटायें। परिक्रमा मार्ग में बने टॉयलेट की साफ-सफाई करायें। पानी की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि परिक्रमा मार्ग में लगे साउंड को सही करायें। सीतापुर चैकी प्रभारी को निर्देश दिये कि परिक्रमा मार्ग व रामघाट फुटपाथ पर दुकान न लगे। जिलाधिकारी ने ईओ से कहा कि रामघाट पुल व तुलसी स्मारक को भी सजायें। सिंचाई विभाग से कहा कि रामघाट में श्रद्धालुओं के लिए बैरिकेटिंग भी करायें।

इस मौके पर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम कर्वी राजबहादुर, सीओ सिटी हर्ष पांडेय आदि मौजूद रहे

## बडे बेआबरु होकर तेरे दर से निकले......... जिला प्रशासन ने सूचना कार्यालय-एडमिन से प्राइवेट कर्मी को हटाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बडे बेआबरु होकर निकले तेरे दर से, न इश्क रास आया, न महबूब समझ पाया- कुछ इस अंदाज में जिला सूचना कार्यालय के प्राइवेट कर्मी को जिला प्रशासन ने बाहर का रास्ता आखिर दिखा ही दिया। उसे डीआईओ ग्रुप के एडमिन पद से भी हटा दिया। जिलाधिकारी की अपनी डीपी में फोटो भी वह प्राइवेट कर्मी लगाये था, वह फोटो भी तत्काल प्रभाव से हटवा दी गई।

ज्ञात है कि जिला सूचना कार्यालय में तकरीबन बीस सालों से एक छत्र राज कायम किये प्राइवेट कर्मी रामरुप पटेल को जिला प्रशासन ने अंततः बाहर का रास्ता दिखा दिया। उप्र शासन के राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव अनिल कुमार यादव के 29 अगस्त 2023 के शासनादेश प्राइवेट कर्मियों से भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलने के मद्देनजर जिला प्रशासन ने उसे बाहर का रास्ता दिखाया है। वह लम्बे समय से जिलाधिकारी की फोटो अपनी डीपी में लगाकर खेल में मशरुफ था। यहां तक कि डीएम की बैठकों में खुद को जिला सूचना अधिकारी प्रचारित करता था, वह डीआईओ ग्रुप में एडमिन भी था।

जिला प्रशासन ने मामला संज्ञान में आते ही उसे डीपी से डीएम की फोटो हटाने व डीआईओ ग्रुप से एडमिन पद से हटाते हुए जिला सूचना कार्यालय में भी आना प्रतिबंधित कर दिया है। उसके हटने पर जिले के तमाम पत्रकारों ने खुशी जताई है। अब उसके तेल के खेल में बाधा ही बाधा है। इसे कहते हैं-बहुत निकले मेरे अरमान, लेकिन फिर भी कम निकले। बडे बेआबरु होकर तेरे कूचे से हम निकले।

## मऊ पुलिस ने पुलिस हिरासत में बरामद किया तमंचा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम ने जानलेवा हमले के आरोपी कल्लू यादव पुत्र सुरेशचंद्र निवासी चांदीराय थाना पश्चिम सरीला जिला कौशांबी को न्यायालय से 11 सितम्बर को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त देशी तमंचा 315 बोर बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ाई गई। टीम में दरोगा इंद्रजीत गौतम, सिपाही राहुल पांडेय व रणवीर सिंह शामिल रहे

## चन्द्रयान-3 की सफलता पर पीएम को दी नगर पालिका ने बधाई , स्वर्णिम उपलब्धियों के क्षेत्र में मील का पत्थर है अंतरिक्ष अनुसंधान: नरेन्द्र गुप्ता

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** ईओ नगर पालिका कर्वी लालजी यादव ने बताया कि सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से खगोलीय अभियान में 23 अगस्त को भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रम के तहत भारतीय वैज्ञानिकों ने चन्द्रमा पर चन्द्रयान-3 मिशन का सफल प्रक्षेपण किया था। वैज्ञानिकों के निरन्तर प्रयासों से भारत चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला दुनिया का पहला देश बन गया।

मंगलवार को अभियान की सफलता पर सम्पूर्ण देश गौरवान्वित है। भगवान राम की तपोस्थली के सभी लोगों के साथ नगर पालिका के अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता एवं वार्ड मेम्बर व व अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच, अत्मनिर्भता और वैश्विक नेतृत्व के साथ चन्द्रयान मिशन-3 की सफलता व नये कीर्तिमान पर खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व इसरो वैज्ञानिकों तथा देश की जनता को बधाई दी।

पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के सुयोग्य मार्गदर्शन में चन्द्रयान-3 की सफलता देश के अन्तरिक्ष अनुसंधान की स्वर्णिम उपलब्धियों के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुई है। तकनीकी विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में वैज्ञानिकों की इस गौरवपूर्ण सफलता पर नगर पालिका परिषद चित्रकूट में कोटि-कोटि बधाई दी है।

## हत्या का एक और आरोपी चढा पुलिस के हत्थे , घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बरछी बरामद

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर की टीम ने एकराय होकर मारपीट कर हत्या के एक और आरोपी को आलाकत्ल बरछी समेत गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि नौ सितम्बर को पहाडी थाना क्षेत्र के चैरा गांव के मजरा सड का पुरवा की तुलसा पुत्री विजय बहादुर ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि विपक्षियों ने एकराय होकर लाठी-डंडा व बरछी से उसके पिता विजयबहादुर (48) व चाचा भुजवल पुत्र निर्पत यादव को घेरकर हत्या करने की गरज से गाली-गलौज कर लाठी-डंडों व बरछी से हमलाकर विजय बहादुर की हत्या कर दी थी। जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी भाग गये थे। पहाडी थाने में घटना का मुकदमा हरीशचन्द्र आदि 15 लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ था। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी रामानन्द पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी चैरा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बरछी बरामद की। इसके पहले इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी को प्रयास जारी हैं। टीम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर, दीवान श्यामकरन कुशवाहा, सिपाही विनोद कुमार, गुड्डू यादव शामिल रहे।

## दो दिन तक भारत में फंसे रहने के बाद आखिरकार ट्रूडो के विमान ने भरी उड़ान, रवाना हुए कनाडाई पीएम

**टोरंटो।** जी20 समिट के बाद विमान में खराबी के कारण भारत में फंसे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और उनका प्रतिनिधिमंडल आखिरकार अपने देश के लिए रवाना हो गए हैं। इससे कनाडा के प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रेस सचिव मोहम्मद हुसैन ने बताया था कि विमान की तकनीकी समस्या को हल कर लिया गया है उसे उड़ान भरने की मंजूरी दे दी गई है। मंगलवार की दोपहर कनाडाई पीएम के विमान ने नई दिल्ली हवाई अड्डे से उड़ान भरी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो (51) एयरबस विमान में खराबी आने के बाद जी 20 समिट के बाद बीते दो दिनों से भारत में ही फंसे थे। सोमवार को भारत में फंसे कनाडाई प्रधानमंत्री ने राजधानी के ललित होटल में अपने कमरे में ही रहने का फैसला किया। कनाडाई पीएम के जिस विमान में खराबी आई थी वह सीसी-150 पोलारिस है, जो कई संशोधित एयरबस ए310-300 में से एक है जिसे कनाडाई सशस्त्र बल अपने वीआईपी के लिए उपयोग करते हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री के विमान में तकनीकी खराबी मामले में नया अपडेट आया है। कनाडा के प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रेस सचिव मोहम्मद हुसैन ने बताया है कि विमान की तकनीकी समस्या को हल कर लिया गया है उसे उड़ान भरने की मंजूरी दे दी गई है। उसके बाद कनाडाई प्रतिनिधिमंडल मंगलवार की दोपहर अपने देश के लिए रवाना हो गया। इससे पहले खबर आई थी कि कनाडाई पीएम को भारत से वापस ले जाने के आने वाला वैकल्पिक विमान के भी भारत पहुंचने में देरी हो सकती है। सीबीसी न्यूज की खबर के अनुसार कनाडा से आ रहे ट्रूडो के वैकल्पिक विमान को भी लंदन डायवर्ट कर दिया गया जिससे उनकी स्वदेश वापसी में और देरी होने की आशंका बढ़ गई है।

## तालिबान की आपसी गुटबाजी के कारण गृहयुद्ध की ओर बढ़ रहा अफगानिस्तान, पूर्व आर्मी चीफ का दावा

**काबुल।** अफगानिस्तान के एक पूर्व कमांडर दावा किया है कि तालिबान के विभिन्न गुटों में बंटने से अफगानिस्तान एक बार फिर गृह युद्ध की ओर बढ़ रहा है। पूर्व अफगानी कमांडर के अनुसार अमेरिकी बलों के अचानक काबुल छोड़ने के दो साल बाद, अफगानिस्तान गृह युद्ध की ओर बढ़ रहा है। तालिबान अब गुटबाजी से भरा हुआ है, और देश तेजी से विदेशी आतंकवादियों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बन रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल हैबतुल्ला अलीजई ने कहा, >मेरा मानना है कि अफगानिस्तान में स्थिति बहुत गंभीर और खतरनाक है और यह इससे भी अधिक खतरनाक दिशा में जा रही है, फिर से गृह युद्ध जैसे हालात बन सकते हैं, या अफगानिस्तान में विभाजन हो सकता है। आप देख रहे हैं कि पिछले दो वर्षों में अफगानिस्तान को आतंकवादियों द्वारा नियंत्रित किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल हैबतुल्ला अलीजई जो अगस्त 2021 में राजधानी काबुल के तालिबान के कब्जे में आने के समय अफगान सेना के चीफ ऑफ स्टाफ थे, ने पीटीआई से साक्षात्कार में ये बातें कही है। अलीजई वर्तमान में अमेरिका में रहते हैं और उन्होंने हाल ही में देश के बाहर अफगानों को एकजुट करने के लिए एक पहल शुरू की है। अफगानिस्तान की वर्तमान स्थिति पर अपना गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए, पूर्व अफगान कमांडर ने तालिबान की दया पर अफगानिस्तान और उसके लोगों को अचानक छोड़ने के लिए बाइडन प्रशासन को दोषी ठहराया।



## क्वाड की मजबूती बढ़ाने के लिए अमेरिकी संसद में पेश हुआ प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** भारत क्वाड समूह का एक बेहद महत्वपूर्ण सदस्य है। इस ग्रुप का हिस्सा अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया भी है। इस समूह का निर्माण साल 2017 में साउथ-चाइना सी में ड्रैगन के बढ़ते दबदबे को कम करने के लिए किया गया था। हालांकि, अब अमेरिका के सांसद क्वाड को अपग्रेड और क्वाड अंतर संसदीय कार्य समूह की स्थापना करना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने अमेरिका के निचले सदन में एक प्रस्ताव पेश किया है। अमेरिका की सदन में जापान, ऑस्ट्रेलिया तथा भारत के साथ एक क्वाड अंतर संसदीय कार्य समूह की स्थापना के लिए क्वाड को मजबूत बनाने को लेकर प्रस्ताव पेश किया गया। प्रस्ताव पेश करने के बाद सदन की विदेश मामलों की समिति के सदस्य व सांसद ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि आज यह महत्वपूर्ण है कि इंडो-पैसिफिक में लोकतंत्र क्षेत्रीय नियमों को बनाए रखने और क्षेत्र के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए मिलकर काम करें।

## डोनाल्ड ट्रंप की मांग, जज तान्या चुटकन न करें उनके मामलों की सुनवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अदालती खींचतान में फंसते जा रहे हैं। अब उन्होंने मांग की है कि 2020 के चुनाव नतीजे पलटने के मामले में उनके मुकदमे की सुनवाई कर रहीं जज तान्या चुटकन उनके मामलों की सुनवाई न करें।

वॉशिंगटन डीसी की एक संघीय अदालत में वर्ष 2020 के चुनाव नतीजे पलटने की कोशिश संबंधी डोनाल्ड ट्रंप के मामले की सुनवाई चल रही है। हाल ही में ग्रैंड जूरी ने ट्रंप के खिलाफ मामले में सुनावई की थी। इसमें विशेष अधिवक्ता जैक स्मिथ दलीलों और सबूतों को परखने के बाद ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को पलटने के प्रयासों का आरोपी माना है। उनके खिलाफ इसी केस में अब आगे सुनवाई जारी है। इस मामले की सुनवाई कर रही जज तान्या छुटकन 06 जनवरी 2021 को



वाशिंगटन पर हमला करने वाले ट्रंप समर्थकों के लिए एक कठोर दंड देने वाली जज के रूप में पहचानी जाती हैं। उन्हें ट्रंप द्वारा नियुक्त फ्लोरिडा के संघीय न्यायाधीश एलीन कैनन की तुलना में अधिक 'सख्त' माना जाता है। इसी कारण से ट्रंप के वकील ने अमेरिकी जिला न्यायालय की जज तान्या चुटकन के कुछ बयानों का हवाला देते हुए उन्हें ट्रंप के खिलाफ पूर्वाग्रहों से ग्रसित करार दिया है। ट्रंप के वकीलों का कहना है कि हाल ही में जब जज चुटकन ने 06 जनवरी के अमेरिकी संसद भवन (कैपिटल हिल) में हुई हिंसा के मामले में दो आरोपितों को सजा सुनाई तो यह साफ था कि उन्होंने ट्रंप के खिलाफ कुछ भी साबित होने से पहले ही उन्हें दोषी मान लिया है।

कोर्ट में दिए गए दस्तावेजों के मुताबिक ट्रंप के वकीलों ने कहा है कि जज चुटकन ने अन्य केसों की सुनवाई के साथ यह संकेत दिए हैं कि ट्रंप को सजा मिलनी चाहिए और उन्हें जेल में बंद कर दिया जाना चाहिए। इस तरह के बयान ट्रंप के खिलाफ 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे पलटने से जुड़े मामले के शुरू होने से पहले ही बिना कोई प्रक्रिया पूरी किए दिए गए थे, जो कि स्वाभाविक तौर पर उन्हें अयोग्य ठहराए जाने के लिए काफी हैं।

## ...जब पुर्तगाल की सड़कों पर बहने लगी शराब की नदी, घरों में भर गई रेड वाइन

**लिस्बन।** पुर्तगाल के शहर साओ लोरेनो डी बाइरो की सड़कों पर अचानक शराब बहने लगी। शराब का बहाव इतना तेज था, मानो सड़कों की जगह शराब की नदी बह रही है। तमाम घरों के बेसमेंट में भी रेड वाइन भर गयी। पुर्तगाल का शहर साओ लोरेनो डी बाइरो एक



अजीबोगरीब घटना का साक्षी बना। अचानक सड़क पर शराब बहती नजर आई। दरअसल, सड़क पर रेड वाइन की नदी जैसी बहती देख लोग स्तब्ध हो गए। लोगों ने वीडियो बनाने शुरू कर दिये। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में रेड वाइन सड़क नदी के रूप में बहती दिख रही है। यह बहाव भी इतना तेज दिख रहा है कि कई घरों के बेसमेंट में भी रेड वाइन भर गई है। लीटर से अधिक रेड वाइन सहेजने वाले एक टैंक के फटने की वजह से लाखों लीटर रेड वाइन साओ लोरेनो डी बाइरो की सड़कों पर बहने लगी। इस बहाव ने परेशानी खड़ी कर दी, क्योंकि यह पास ही बह रही शर्टिमा नदी की तरफ तेजी से बढ़ने लगी थी। घटना की जानकारी पाकर दमकल विभाग ने शर्टिमा नदी के शराब की नदी में बदलने से पहले कार्रवाई शुरू कर दी। रेड वाइन के बहाव को पास के खेत की तरफ प्रवाहित किया गया। इस घटना के लिए जिम्मेदार शराब कंपनी ने मांफी मांगने के साथ क्षति और मरम्मत से जुड़ी लागतों की पूरी जिम्मेदारी ली है।

## बुलेटप्रूफ ट्रेन से दो दिन यात्रा कर रूस पहुंचे उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन

**मॉस्को।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन बुलेटप्रूफ ट्रेन से दो दिन की यात्रा कर रूस पहुंच गए हैं। किम जोंग उन की इस रूस यात्रा के दौरान हथियार खरीदने का बड़ा समझौता होने की उम्मीद जताई जा रही है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के बीच 2019 के बाद पहली बार शिखर वार्ता होगी। इस वार्ता के लिए किम जोंग उत्तर कोरिया से हथियारबंद बुलेट ट्रेन पर सवार होकर दो दिन की यात्रा के बाद रूस के व्लादिवोस्तोक शहर पहुंचे हैं। उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से रविवार को अपनी निजी ट्रेन में सवार हुए किम के साथ सत्तारूढ़ दल, सरकार और सेना के सदस्य भी हैं। रूस गए किम के प्रतिनिधिमंडल में उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चो सन हुई और %कोरियन पीपुल्स आर्मी% के मार्शल री प्योंग चोल



और पाक जोंग चोन समेत उनके शीर्ष सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं। किम जोंग उन की इस यात्रा के दौरान उत्तर कोरिया और रूस के बीच हथियारों की बड़ी खरीद फरोख्त का समझौता होने की उम्मीद है। वार्ता के लिए पुतिन सोमवार को ही व्लादिवोस्तोक पहुंच चुके हैं। उत्तर कोरिया को उम्मीद है कि रूस संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के बीच उनकी बड़ी मदद कर सकता है। पुतिन ने उत्तर कोरिया से वादा किया है कि वह चीन और अमेरिका के साथ मिलकर परमाणु बातचीत को लेकर जारी गतिरोध को तोड़ने की पूरी कोशिश करेंगे।वैसे किम जोंग उन और पुतिन की इस मुलाकात को लेकर यूक्रेन में जारी युद्ध के मद्देनजर रूस के संभावित हथियार सौदे को लेकर पश्चिमी देशों की चिंताएं बढ़ गई हैं। दक्षिण कोरिया के सैन्य विशेषज्ञ इन बुम चून ने कहा कि इस यात्रा के परिणामस्वरूप पुतिन को हथियार मिलेंगे और उत्तर कोरिया को अपनी परमाणु तकनीकी क्षमता को बेहतर बनाने के लिए तकनीक मिलेगी। किम जोंग उन के साथ उत्तर कोरिया के परमाणु-सक्षम हथियारों और युद्ध सामग्री कारखानों की जिम्मेदारी संभालने वाले शीर्ष सैन्य अधिकारी भी रूस पहुंचे हैं। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार पुतिन हथियारों के घटते भंडार को फिर से भरने के लिए उत्तर कोरियाई तोपों और अन्य गोला-बारूद की अधिक आपूर्ति हासिल करने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। अधिकारियों ने कहा कि पुतिन यूक्रेन के जवाबी हमलों को शांत करना चाहते हैं और दिखाना चाहते हैं कि वह एक लंबे युद्ध को चलाने में सक्षम हैं।

## अमेरिकी खोजकर्ता मार्क डिकी को नौ दिन बाद तुर्किये की गुफा से सुरक्षित निकाला गया

**इस्तांबुल।** अंतरराष्ट्रीय बचाव दल की 200 लोगों की टीम ने मंगलवार को अमेरिकी खोजकर्ता मार्क डिकी को तुर्किये की गुफा से सुरक्षित निकाल लिया। वह आंतरिक रक्तस्राव के कारण इस गुफा की संकीर्ण सुरंगों में नौ दिनों तक फंसे रहे। यह सुखद सूचना मीडिया रिपोर्ट्स में तुर्किये कैविंग फेडरेशन के हवाले से साझा की गई है। फेडरेशन ने कहा है कि इसी सफलता के साथ यह अभियान समाप्त हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 40 वर्षीय अमेरिकी खोजकर्ता मार्क डिकी तुर्किये की तीसरी सबसे गहरी गुफा में 1,120 मीटर नीचे बीमार पड़ गए थे। उनको बचाने का यह अब तक का सबसे बड़ा और सबसे जटिल भूमिगत बचाव अभियान है। एक वीडियो में डिकी ने मदद के लिए तुर्किये सरकार का आभार जताया है। यूरोपीय गुफा बचाव संघ ने डिकी को चिकित्सक पृष्ठभूमि वाला एक अनुभवी खोजकर्ता कहा है।



## नेपाल में संविधान सभा के अध्यक्ष सुवास नेम्बांग का निधन

**काठमांडू।** नेपाल में संविधान सभा के अध्यक्ष तथा प्रमुख विपक्षी दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (एमाले) संसदीय दल के उपनेता सुवास नेम्बांग का सोमवार आधी रात बाद एक बजे निधन हो गया।

यह सूचना मिलते ही राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित सभी दलों के शीर्ष नेताओं ने अस्पताल पहुंच कर परिवार को सांत्वना दी। परिवार के सदस्यों के अनुसार वह अपने कमरे के बाथरूम में अचानक बेहोश हो



कर गिर पड़े। उन्हें मेडिकल कालेज ले जाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नेम्बांग के निजी सचिव कृष्ण प्रसाद काफ्ले ने बताया कि हृदयाघात होने के कारण उनका निधन होने की पुष्टि अस्पताल ने की है।

सुबह चार बजे प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा, नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली सहित अन्य प्रमुख दल के शीर्ष नेता मेडिकल पहुंचे। राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल और प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने शोक संदेश में उन्हें श्रद्धांजलि दी है। पूर्व राष्ट्रपति विद्या भण्डारी ने कहा कि नेपाली राजनीति में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता । नेम्बांग के पार्थिव शरीर को आज नेकपा एमाले के पार्टी कार्यालय में रखा जाएगा। यह जानकारी पार्टी के प्रमुख सचेतक महेश बर्तौला ने दी है। सरकार ने नेम्बांग का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ करने का फैसला किया है।

## लीबिया में बाढ़ से दो हजार से अधिक लोगों की मौत की आशंका

**काहिरा।** लीबिया की प्रतिद्वंद्वी सरकारों में से एक के प्रमुख ने सोमवार को कहा कि उत्तरी अफ्रीकी देश के पूर्वी हिस्सों सोमवार दोपहर को मरने वालों की संख्या की जानकारी देते हुए कहा



कि कम से कम 50 लोग लापता हैं। अब्दुल जलील ने बताया कि मृतकों की इस संख्या में आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित किये गए डर्ना शहर की संख्या शामिल नहीं है। यहां सोमवार दोपहर तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई थी। शहर के मुख्य चिकित्सा केंद्र ने कहा कि मृतकों में पूर्वी शहर बायदा के 12 लोग शामिल हैं।

एम्बुलेंस और आपातकालीन प्राधिकरण के अनुसार, पूर्वोत्तर लीबिया के तटीय शहर सुसा में सात अन्य लोगों की मौत होने की सूचना है। मंत्री ने कहा कि शाहट्ट और उमर अल-मुख्तार कस्बों में सात अन्य लोगों के मारे जाने की खबर है। एक अन्य व्यक्ति की मौत की पुष्टि की गई। पूर्वी लीबिया में सरकार द्वारा संचालित आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसी के प्रवक्ता वालिद अल-अरफी के मुताबिक, वह व्यक्ति अपनी कार में था और पूर्वी शहर मार्ज में बाढ़ में फंस गया था। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, बाढ़ में दर्जनों अन्य लोगों के लापता होने की सूचना है तथा अधिकारियों को बाढ़ में उनके मारे जाने की आशंका है। बाढ़ की वजह से पूर्वी लीबिया के कई शहरों में घर और अन्य संपत्तियां नष्ट हो गयी हैं। सरकार ने शनिवार को आपात स्थिति की घोषणा की थी और रात में आए तूफान से पहले एहतियातन शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया गया था।

पश्चिम मिस्र के कुछ हिस्सों में सोमवार को तूफान आने की आशंका है और देश के मौसम अधिकारियों ने संभावित बारिश और खराब मौसम की चेतावनी दी है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## चीन में गायब हो रहे मंत्री, विदेश मंत्री के बाद अब रक्षा मंत्री भी लापता

**बीजिंग।** चीन में मंत्रियों के गायब होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। विदेश मंत्री किन गांग के बाद अब रक्षा मंत्री ली शांगफू भी गायब हो गए हैं।

जानकारी के मुताबिक चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू 29 अगस्त 2023 के बाद से नहीं देखे गए हैं। उन्हें आखिरी बार चीन-अफ्रीका शांति और सुरक्षा फोरम को संबोधित करते समय देखा गया था। इस बैठक से पहले चीनी रक्षामंत्री एक सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूस के दौरे पर गए थे।

चीनी रक्षा मंत्री के नहीं दिखाई देने पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। जापान में अमेरिका के राजदूत रेहम इमैनुअल ने चीन में बढ़ती राजनीतिक अस्थिरता की ओर ध्यान दिलाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि पिछले दो सप्ताह से चीन के रक्षा मंत्री नहीं देखे गए हैं। उन्होंने कहा कि 'बेरोजगारी' की इस रेस को कौन जीतने जा रहा है? चीन का युवा या शी जिनपिंग की कैबिनेट?

चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू से पहले चीन की सेना के शक्तिशाली रॉकेट फोर्स के जनरल भी गायब हो गए थे। चीन के रक्षा मंत्री जब गायब हुए हैं, ठीक उसी समय चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने देश की सेना में एकता



और स्थिरता का आह्वान किया है। उन्होंने सेना को जंग के लिए तैयार रहने को भी कहा है।

ली शांगफू को मार्च 2023 में रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था। इससे पहले दो माह तक गायब रहने वाले विदेश मंत्री किन गांग को हटा कर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वांग यी को विदेश मंत्री बनाया था। किन गांग को हटाने के बाद शी जिनपिंग ने रॉकेट फोर्स के जनरल ली यूचाओ और जनरल लियू गुआंगबिन को भी बर्खास्त कर दिया था। इन तीनों ही लोगों को सीधे शी जिनपिंग की कैबिनेट ने नियुक्त किया था।